# Samyak
An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स

## मासिक समसामयिकी

नवंबर - 2023



### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- राजस्थान सुजस सार
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी**




# INDEX


| | | |
|---|---|---|
| 1 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 1 – 6 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 7 – 11 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 12 |
| 4 | राजस्थान परिदृश्य | 13 – 18 |
| 5 | रक्षा विज्ञान एवं तकनीकी | 19 – 22 |
| 6 | इंडेक्स एवं रिपोर्ट | 23 – 25 |
| 7 | चर्चित स्थल | 26 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 27 |
| 9 | खेल | 28 – 29 |
| 10 | पुरस्कार, पुस्तकें एवं नियुक्तियाँ | 30 – 33 |
| 11 | निधन | 34 |
| 12 | प्रमुख दिवस एवं सप्ताह | 35 |
| 13 | जिस्ट : कुरूक्षेत्र (नवंबर, 2023) | 36 – 41 |
| 14 | आलेख | 42 – 49 |
| 15 | मॉडल प्रश्न पत्र | 50 – 52 |


# मासिक करेंट अफेयर्स

## नवंबर : 2023

# 1 अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

**मलेशिया के नए राजा :-**

- मलेशिया के शाही परिवारों ने 'सुल्तान इब्राहिम सुल्तान इस्कंदर' को देश का नया राजा चुना है।
- वे अगले वर्ष 31 जनवरी, 2024 को वर्तमान नरेश अल- सुल्तान अब्दुला का स्थान लेंगे।
- मलेशिया एक संघीय संवैधानिक राजतंत्र हैं।




**स्लोवाकिया के नए प्रधानमंत्री बने रॉबर्ट फिको :-**

- रॉबर्ट फिको को चौथी बार स्लोवाकिया का प्रधानमंत्री चुना गया है।
- सितंबर, 2023 के चुनाव में 22.94 प्रतिशत वोटों के साथ उनकी पार्टी समर (SMER) ने जीत दर्ज कर चौथी बार पदभार संभाला है।




**WHO के दक्षिण पूर्व एशियाई कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक की नियुक्ति :-**

- **बांग्लादेश की साइमा वाजिद विश्व स्वास्थ्य संगठन ( WHO ) में दक्षिण**-पूर्व एशियाई कार्यालय की क्षेत्रीय निदेशक होंगी।
- नेपाल के शम्भू प्रसाद आचार्य से छह वोट अधिक मिले।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के वर्तमान दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय निदेशक पूनम खेत्रपाल सिंह 01 फरवरी, 2024 को वाजिद को कार्यभार सौंपेंगे।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन**

- स्थापना – 7 अप्रैल 1948
- मुख्यालय – जिनेवा (स्विट्जरलैण्ड)
- महानिदेशक–टैड्रोस ऐडरेनॉम गैबरेयेसस (इथियोपिया)

**साइमा वाजिद**

- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की पुत्री हैं।
- उन्होंने ऑटिज्म तथा मानसिक रोगों के क्षेत्र में व्यापक काम किया है, जो श्रीलंका में जन-स्वास्थ्य नियमों में सुधार के आधार बने ।

**ब्रिटेन की नई गृह मंत्री:-**

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त कर दिया है।
- पूर्व विदेश मंत्री जेम्स क्लीवर्ली को नया गृह मंत्री बनाया गया है।
- पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है।
- ब्रेवरमैन ने एक लेख प्रकाशित करके फिलिस्तीन समर्थकों के साथ निबटने में पुलिस द्वारा दोहरा रवैया अपनाने की बात कही थी। जिसका ब्रिटेन की फिलिस्तीन समर्थक जनता द्वारा अत्याधिक विरोध किया गया।

**विश्व का पहला AI ह्यूमनॉइड रोबोट CEO ''मिका'':-**

- पोलिश कंपनी हैनसन रोबोटिक्स और कोलंबिया के कार्टाजना में स्थित एक स्पिरिट ब्रांड डिक्टाडोर ने मिका नामक विश्व के पहले ह्यूमनॉइड रोबोट को CEO नियुक्त किया है।
- इस नवोन्मेषी परियोजना का लक्ष्य कंपनी के अद्वितीय मूल्यों के साथ उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का मिश्रण करना है।
- मिका डेटा को तेजी से और सटीक रूप से संसाधित करने के लिए उन्नत AI और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करता है।
- वर्ष 2016 में हैनसन रोबोटिक्स ने मिका की बहन सोफिया का अनावरण किया।
- डिक्टाडोर के अनुसार मिका को मानद प्रोफेसर की उपाधि दी गई है।
- वारसॉ में 2023/24 कॉलेजियम ह्यूमनम यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में महिला ह्यूमनॉइड रोबोट को पुरस्कार दिया गया।

**यूनेस्को द्वारा सृजनात्मक शहरों की सूची जारी :-**

- यूनेस्को ने सृजनात्मक शहर नेटवर्क की अपनी नवीनतम सूची जारी की।
- केरल के कोझिकोड को 'साहित्यिक शहर' और मध्य प्रदेश के ग्वालियर को 'संगीत के शहर' के रूप में स्थान दिया गया है।
- विश्व शहर दिवस पर यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले ने 55 शहरों को विभिन्न सृजनात्मक क्षेत्रों के लिए नामित किया है।
- नामित शहरों का चयन उनकी विकास कार्य नीति में संस्कृति और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने की प्रतिब(ता के आधार पर किया गया है।
- नए नामित क्रिएटिव शहरों को पुर्तगाल के ब्रागा में The UNESCO Creative Cities Network (UCCN) वार्षिक सम्मेलन (1-5 जुलाई, 2024) में "अगले दशक के लिए युवाओं को मेज पर लाना" विषय के तहत भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।
- विश्व निकाय सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं: शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, गैस्ट्रोनॉमी, साहित्य, मीडिया कला और संगीत ।
- यूनेस्को का संविधान 16 नवम्बर 1945 में लंदन में अपनाया गया, यह 1946 में लागू हुआ।
- इसका मुख्यालय पेरिस (फ्रांस) में है।

**संयुक्त राष्ट्र फोरम ऑन फॉरेस्ट्स :-**

- मेजबानी-वन अनुसंधान संस्थान (FRI) देहरादून, उत्तराखंड
- आयोजनकर्त्ता -भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय।
- 40 देशों के 80 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया है, जिसमें 20 अंतर्राष्ट्रीय संगठन, जिनमें खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और अंतर्राष्ट्रीय वन अनुसंधान संगठन (IUFRO) आदि शामिल रहे।
- यह दो विषयगत क्षेत्रों पर केंद्रित है: जंगल की आग और आग प्रभावित क्षेत्रों में इसकी रोकथाम और बहाली पर सर्वोत्तम अभ्यास और वन प्रमाणन और टिकाऊ वन प्रबंधन।
- फोरम का परिणाम सह-अध्यक्षों द्वारा की गई चर्चाओं का सारांश, जिसे विचार के लिए UNFF के 19वें सत्र 19 मई, 2024 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा।

**चाणक्य रक्षा संवाद 2023 :-**

- **आयोजन** - मानेकशॉ सेंटर (नई दिल्ली )
- **आयोजनकर्त्ता** - सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज (CLAWS) और भारतीय सेना
- **उद्देश्य** - दक्षिण एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए
- इस दौरान छह अलग-अलग सत्रों में आयोजित कार्यक्रम, 'भारत और इंडो प्रशांत क्षेत्र की सेवा-व्यापक सुरक्षा के लिए सहयोग' विषय पर केंद्रित रहा।

**एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आयोग का 33वाँ सम्मेलन :-**

- **आयोजन** - 13 से 17 नवंबर, 2023
- **आयोजनकर्त्ता** - विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH)
- **आयोजन स्थल** - नई दिल्ली

- इस सम्मेलन में भारत सहित 36 देशों के प्रतिनिधि जो क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सगठनों तथा निजी क्षेत्र के पशु चिकित्सा संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- **अध्यक्षता** - मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान
- 33वें सम्मेलन के दौरान अपनाई जाने वाली सिफारिशों को समर्थन के लिए मई, 2024 में WOAH के प्रतिनिधियों की विश्व सभा में प्रस्तुत किया जाएगा।

**विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन**

- WOAH (World Organisation for Animal Health) एक अंतरसरकारी संगठन है, जो दुनिया भर में जानवरों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए जिम्मेदार है।
- **मुख्यालय**- पेरिस, फ्रांस।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :-**

- **आयोजन**- 06-08 नवंबर, 2023
- **आयोजनकर्त्ता**- ग्लोबल एलायंस ऑफ नेशनल ह्यूमन राइट्स इंस्टीट्यूशंस (GANHRI)
- **आयोजन स्थल** -कोपेनहेगन (डेनमार्क)
- **विषय- "यातना और अन्य दुर्व्यवहार:** राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों (NHRI) की भूमिका"
- **उद्देश्य**-NHRIs के बीच सहयोग को विकसित करना और मजबूत करना और उनके एजेंडे पर प्रासंगिक वस्तुओं पर चर्चा करना है।
- भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने 14वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।
- मिश्रा ने उत्पीड़न के खतरे को खत्म करने के लिए समाज को अधिक मानवीय और सभ्य बनाने पर जोर दिया।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हर तीन साल में होता है, पिछला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2018 में माराकेश, मोरक्को में आयोजित किया गया था।

**5वाँ भारत-अमरीका दो प्लस दो मंत्रिस्तरीय संवाद :-**

- **आयोजन** -10 नवंबर, 2023
- **आयोजनकर्त्ता** -भारत
- **आयोजन स्थल** -नई दिल्ली
- भारत और अमरीका के बीच पाँचवाँ मंत्रिस्तरीय दो प्लस दो संवाद के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा अमरीका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बातचीत की गई।
- विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि इस वर्ष जून और सितंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के बीच हुई बातचीत के अनुरूप भारत-अमरीका साझेदारी को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार विमर्श किया गया।

**आसियान-भारत बाजरा महोत्सव-2023**

- **आयोजन** -22 नवंबर से 26 नवंबर, 2023
- **आयोजनकर्त्ता**-कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत
- **आयोजन स्थल** -जकार्ता (इंडोनेशिया)
- इस महोत्सव के हिस्से के रूप में बाजरा-केंद्रित प्रदर्शनी आयोजित की है, जिसमें बाजरा-आधारित FPO, स्टार्ट-अप और भारतीय शेफ की भागीदारी शामिल है।
- **उद्देश्य**-अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (IYM) के अनुरूप, आसियान सदस्य देशों के बीच बाजरा और बाजरा-आधारित उत्पादों के लिए जागरूकता बढ़ाना और बाजार विकसित करना है।

**मिलेट क्या है?**

- मिलेट छोटे प्रकार के बीज वाली घासें हैं जिनका प्राचीनकाल से उपयोग किया जा रहा है। इन्हें आमतौर पर 'मोटे अनाज' के रूप में जाना जाता है।
- मिलेट पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, इनमें प्रोटीन, फाइबर और विटामिन-बी भरपूर मात्रा में होता है।
- **उदाहरण** - बाजरा, रागी, मक्का, कोदो, ज्वार और कुटकी आदि शामिल है।
- अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष - 2023

**विश्व की पहली यात्री फ्लाइंग टैक्सी - EH216-S**

- चीन के गुआंगजौ स्थित कंपनी EHang को अपनी दो यात्रियों वाली स्वायत्त एयर टैक्सी 'EH216-S' के लिए विश्व का पहला उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।
- यूएस कंपनी EHang ने खुद को यह प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाली पहली कंपनी घोषित किया है।
- इससे पहले जून 2023 में पहली बार, संयुक्त राज्य सरकार ने एलेफ एयरोनॉटिक्स की फ्लाइंग कार 'मॉडल ए' को उड़ान भरने की आधिकारिक मंजूरी दी थी।

**भारतीयों के लिए वीजा मुक्त प्रवेश :-**

- थाईलैंड अपने पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों के लिए वीजा संबंधी जरूरत को समाप्त कर रहा है।

- प्रधानमंत्री स्रेत्था थाविसिन ने कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि 10 नवंबर, 2023 से 10 मई, 2024 तक भारतीय पर्यटक बिना वीजा के थाइलैंड में प्रवेश कर सकेंगे।
- भारत से आने वाले पर्यटकों के कारण थाईलैण्ड के पर्यटन बाजार में वृद्धि के संकेत दिखे हैं और बड़ी संख्या में एयरलाइंस तथा होटलों ने इस ओर ध्यान केंद्रित किया है।
- इसे पहले 24 अक्टूबर को श्रीलंका कैबिनेट ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तत्काल प्रभाव से 31 मार्च 2024 तक भारत सहित अन्य देशों को मुक्त वीजा जारी करने की मंजूरी दी थी।

**कोस्टा सेरेना :-**

- **क्या है**–
  - **पहला अंतर्राष्ट्रीय क्रूज लाइनर** -
  - कोस्टा क्रूज, इटली कार्निवल कॉर्पोरेशन का हिस्सा है, जो प्रतिष्ठित क्रूज ब्रांडों के साथ दुनिया के सबसे बड़े क्रूजिंग समूहों में से एक है।
- **शुभारंभ** - 03 नवंबर, 2023
- **शुभारंभकर्त्ता** - केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनेवाल)
- **शुभारंभ स्थल** - मुम्बई (महाराष्ट्र)
- केन्द्र सरकार ने क्रूज जहाजों के लिए गारंटीकृत बर्थ, ऑस्टिंग शुल्क को हटाना, सभी प्रमुख बंदरगाहों के लिए रियायती समान एकल दर(Concessional Uniform single Rate), घरेलू क्रूज जहाजों के लिए क्रूज टैरिफ में 30% तक की छूट, विदेशी क्रूज जहाजों के लिए कैबोटेज की छूट, सीमा शुल्क के लिए समान एसओपी (SOP) शामिल हैं।
- सरकार अंतर्राष्ट्रीय मानकों और प्रथाओं के अनुरूप सुसंगत क्रूज पर्यटन नीति (Coherent Cruise Tourism Policy) शुद्ध करने की भी योजना बना रही है।
- **ऑस्टिंग शुल्क (Ousting Fee) :-** सीट को रिजर्व रखने हेतु सामान्य किराये से 100 प्रतिशत के बराबर का अतिरिक्त शुल्क ही ऑस्टिंग शुल्क कहलाता है।
- **कैबोटेज (Cabotage)** - यह जहाजों की आवाजाही पर दी जाने वाली अनुमति (Permit) के लिए लाईसेंसिंग शुल्क है।

**सफेद हाइड्रोजन के भंडार : फ्रांस**




- फ्रांस में दो वैज्ञानिकों ने सफेद हाइड्रोजन के सबसे बड़े भंडार की खोज की है, वैज्ञानिक जैक्स पिरोनोन (Jacques Pironon) और फिलिप डी डोनाटो (Philippe Di Donato), जो वास्तव में उत्तर- पूर्वी फ्रांस की जमीन के नीचे जीवाश्म ईंधन (Fossil Fuel) की तलाश कर रहे थे, ने गलती से सफेद हाइड्रोजन के एक महत्त्वपूर्ण भंडार की खोज की। उन्होंने जमीन से 1,250 मीटर नीचे हाइड्रोजन की 20% अधिक सांद्रता पाई और अनुमान लगाया कि भण्डारण में 6 मिलियन से 250 मिलियन मीट्रिक टन हाइड्रोजन हो सकता है।( 1 MMT =k 1 Billion Kg.)
- इसे 'सफेद' नाम दिया गया है क्योंकि “उत्पादन से ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न नहीं होती हैं।" इस गैस की कीमत कम होगी और यह पारंपरिक ईंधन का प्रतिस्थापन हो सकता है।
- रूस, ओमान, फ्रांस, माली और अन्य स्थानों पर भी सफेद हाइड्रोजन भंडार की खोज की गई है।

**सफेद हाइड्रोजन (White Hydrogen) :-**

- सफेद हाइड्रोजन प्राकृतिक रूप से पृथ्वी की पपड़ी में उत्पन्न होता है और इसे एक संभावित स्वच्छ ऊर्जा (Clean Energy) माना जाता है। हाइड्रोजन के अन्य रूपों के विपरीत, सफेद हाइड्रोजन जलने पर केवल पानी पैदा करता है, जिससे यह अत्यधिक क्षमता वाला एक असाधारण स्वच्छ ऊर्जा स्रोत बन जाता है।
- सफेद हाइड्रोजन का उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों में एक साफ (Cleaner) विकल्प के रूप में किया जा सकता है, जैसे वाहनों या औद्योगिक प्रक्रियाओं के लिए ईंधन सेल।

### भारत और अमेरिका के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।

- भारत और अमेरिका के मध्य ''इनोवेशन हैंडरोक'' समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते के तहत इनोवेशन इकोसिस्टम और स्टार्टअप के जरिए स्टार्ट पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर जोर रहेगा।
- इसका प्रमुख उद्देश्य महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों (ICET) में नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

### CBSE का नया प्रशासनिक कार्यालय :-

- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दुबई में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की।
- इस बैठक के दौरान की गई महत्त्वपूर्ण घोषणाओं में से एक यह है कि संयुक्त अरब अमीरात में एक क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यालय खोलने की CBSE स्कूलों की लंबे समय से चली आ रही माँग को स्वीकार कर लिया गया।
- नया कार्यालय दुबई अमीरात, संयुक्त अरब अमीरात में आने के लिए तैयार है।
- इस निर्णय से इन स्कूलों में संचालन को सुव्यवस्थित करने और छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने की उम्मीद है।

### चिली - ISA का 95वाँ सदस्य :-

- चिली, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का 95वाँ सदस्य बन गया है।




- 06 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह के साथ चिली के राजदूत जुआन अंगुलो की बैठक के दौरान ISA समर्थन का दस्तावेज सौंपा गया।
- भारत और फ्रांस के संयुक्त प्रयास के रूप में ISA की संकल्पना वर्ष 2015 में 21वें कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (Conferance of the Parties - पेरिस, फ्रांस) (COP-21) के दौरान की गई थी।
- वर्तमान में इसमें 116 देश हस्ताक्षरकर्ता हैं, जिनमें से 94 पूर्ण सदस्य हैं।
- हाल ही में ISA की छठी सभा 31 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित की गई और इसकी अध्यक्षता भारत सरकार के केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने की।

### विश्व का सबसे बड़ा एकल-साइट सौर विद्युत संयंत्र :-

- संयुक्त अरब अमीरात ने विश्व के सबसे बड़े एकल-साइट सौर विद्युत संयंत्र का उद्घाटन किया है।
- यह प्लांट प्रतिवर्ष 2.4 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगा।
- यह संयंत्र रेगिस्तान के 20 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है।
- 2GW क्षमता वाली 'अल दाफरा सोलर फोटोवोल्टिक बिजली परियोजना' आबू धाबी से 35 किलोमीटर दूर है और इसके माध्यम से लगभग 2 लाख घरों के लिए बिजली का उत्पादन किया जाएगा।

### 3-D-मुद्रित मंदिर : तेलंगाना :-

- तेलंगाना ने विश्व के पहले 3D-मुद्रित मंदिर का अनावरण किया है।
- कहाँ -बुरुगुपल्ली, सिद्दीपेट जिला ।
- निर्माता -हैदराबाद अप्सूजा इंफ्राटेक ने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशंस प्रदाता सिंपलीफोर्ज क्रिएशन्स के सहयोग से।
- यह संरचना न केवल भारत में बल्कि विश्व में अपनी तरह का पहला 3D- प्रिंटेड मंदिर है।
- तीन भाग वाली संरचना, जो 35.5 फीट ऊँची है और 4,000 वर्ग फीट में फैली हुई है, में तीन गर्भगृह हैं- भगवान गणेश को समर्पित एक मोदक, भगवान शंकर को समर्पित एक चौकोर शिवालय और देवी पार्वती के लिए एक कमल के आकार का मंदिर।

### श्रीलंका में SBI बैंक की शाखा :-

- 02 नवंबर, 2023 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्वी श्रीलंका में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की त्रिंकोमाली शाखा का उद्घाटन किया।
- SBI सबसे बड़ा भारतीय वाणिज्यिक बैंक है, जिसने श्रीलंका में हालिया आर्थिक संकट के दौरान 1 बिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की।


### NAAM 200 :-

- NAAM 200 कार्यक्रम 2 नवंबर, 2023 को कोलंबो के सुगाथादासा इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ।

- इस कार्यक्रम में भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुख्य अतिथि रहीं।
- श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के आगमन के 200 वें वर्ष का प्रतीक है। तमिलों को अंग्रेज श्रीलंका मुख्यत: के चाय बागानों में काम करने के लिए लाए थे।
- भारत–श्रीलंका बिजनेस शिखर सम्मेलन का विषय 'कनेक्टिविटी बढ़ाना: समृद्धि के लिए साझेदारी' था।

### विशाल हिमखंड : A23a :-

- चर्चा में रहने का कारण–विश्व का सबसे बड़ा हिमखंड 30 वर्ष से अधिक समय तक समुद्र तल पर अटके रहने के बाद अब आगे बढ़ रहा है।
- A23a नाम का यह हिमखंड 1986 में अंटार्कटिक तटरेखा से अलग हो गया था।
- यह तेजी से अंटार्कटिक के वेडेल सागर (Weddell Sea) में समा गया और बर्फ का द्वीप बन गया।
- लगभग 4,000 वर्ग किमी (1,500 वर्ग मील) क्षेत्र में फैला यह हिमखंड ग्रेटर लंदन के आकार के दुगुने से भी ज्यादा है।
- ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के अनुसार लगभग 4 दशक पहले ही यह समुद्र तल पर स्थिर हो गया और 3 साल पहले उसने पहली बार इसमें हलचल देखी।
- इसके जल्द ही अंटार्कटिक सर्कम्पोलर करंट, जिसे आम बोलचाल की भाषा में 'हिमशैल पथ' के नाम से जाना जाता है, में बह जाने की उम्मीद है, जो संभवत: इसे दक्षिण अटलांटिक की ओर ले जाएगा।




### ऑस्ट्रेलिया भारत शिक्षा और कौशल परिषद (AIESC)

- **पहली बैठक**–6 से 7 नवंबर, 2023 (Australia-India Education and Skill Council) IIT गांधीनगर।
- अध्यक्ष:– धर्मेंद्र प्रधान (शिक्षा मंत्री और कौशल विकास, उद्यमिता मंत्री)
- जेसन क्लेयर (शिक्षा मंत्री, ऑस्ट्रेलिया सरकार ब्रेंडन ओ कॉनर (कौशल और प्रशिक्षण मंत्री, ऑस्ट्रेलिया)
- AIESC-2011 में स्थापित शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान साझेदारी के लिए एक द्वि–राष्ट्रीय है।

### अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) की छठी सभा, 31 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित :-

- **अध्यक्ष**:– आर.के. सिंह (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री)
- **प्रतिभागी**:– 20 देशों से 116 सदस्य
- परियोजनाओं का उद्घाटन

1. मलावी गणराज्य के संसद भवन का सौंदर्यीकरण।
2. फिजी गणराज्य में दो ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों का सोलराइजेशन।
3. सेशेल्स गणराज्य के ला डिगू द्वीप में कृषि हितधारकों के लाभ के लिए 5 मीट्रिक टन क्षमता के 1 सौर ऊर्जा संचालित कोल्ड स्टोरेज की स्थापना।
4. फिरिबाती गणराज्य में नवाई जूनियर सेकेंडरी स्कूल (JSS) का सोलराइजेशन।

- विश्व में लगभग कुल 6 अरब लोग (80%) लोग जीवाश्म ईंधन के आयात एवं उससे मिलने वाली ऊर्जा पर निर्भर है।
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत 2030 तक 65% एवं 2050 तक 90% तक बिजली क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने की क्षमता रखते है।

### अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

- संस्थापक:– 30 नवंबर, 2015
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (भारत)
- फांस्वा ओलांद (फ्रांस)
- सदस्य–120 से अधिक देश (कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच ''सूर्य नगरी'' वाले देश)
- मुख्यालय–नई दिल्ली, भारत
- अध्यक्ष–आर.के. सिंह
- **मुख्य उद्देश्य**:–सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना।
- 2030 तक 1000 गीगावाट और क्षमता जुटाना और 100 करोड़ लोगों को बिजली पहुंचाना और 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश आकर्षित करना।

### 'लैम्प ऑफ द ईस्ट' :-

- भारत व दक्षिण कोरिया के राजनायिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'जयपुर आर्ट समिट' की आरे से होटल राजपूताना शेरेटन की वेलकम आर्ट गैलरी में इस कला प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। इसमें 50 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

# 2 राष्ट्रीय परिदृश्य

**54 वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव :-**

- **आयोजन स्थल**– श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम (गोवा)
- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने महोत्सव का उद्घाटन किया है।
- **IFFI-2023 की शुरुआत**– ब्रिटिश फिल्म 'कैचिंग डस्ट' से हुई।
- **IFFI-2023 का समापन**– अमेरिकी शीर्षक 'द फेदरवेट' से हुई।
- बॉलीवुड दिवा माधुरी दीक्षित को IFFI में 'भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए विशेष मान्यता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- प्रसिद्ध हॉलीवुड अभिनेता-निर्माता और दो बार के ऑस्कर विजेता माइकल डगलस को IFFI के समापन समारोह में IFFI लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**मेरी माटी मेरा देश अभियान :-**

- 31 अक्टूबर, 2023 को भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' का समापन हुआ।
- इसके तहत 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 766 जिलों के 7,000 ब्लॉकों से 20 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि 8,000 से ज्यादा अमृत कलश लेकर दिल्ली पहुँचे।
- 'अमृत कलश यात्रा', भारत के हर कोने से मिट्टी और विभिन्न क्षेत्रों से पौधे लेकर, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास एक भव्य 'अमृत वाटिका' की कल्पना करती है, जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का प्रतीक है।
- नोडल एजेंसी :- संस्कृति मंत्रालय
- अभियान का नारा :-मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन ।

**मेरी माटी मेरा देश अभियान की गतिविधियाँ**

- वीर योद्धाओं के सम्मान में, अमृत सरोवरों के निकट ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम नामक स्मारक पट्टिकाओं का निर्माण।
- स्मारक स्थल पर, लोगों द्वारा देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए माननीय प्रधानमंत्री के पंच प्रण को शामिल करते हुए एक गंभीर प्रतिज्ञा लेना ।

**पंच प्रण निम्न है-**

1. मैं देश की मिट्टी की रक्षा करूंगा।
2. मैं देश की मिट्टी की उर्वरता बढ़ाऊंगा।
3. मैं देश की मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाऊंगा।
4. मैं देश की मिट्टी की विविधता बढ़ाऊंगा।
5. मैं देश की मिट्टी की मिठास बढ़ाऊंगा।

- 'वसुधा वनधन' के हिस्से के रूप में, प्रत्येक गाँव या ग्राम पंचायत द्वारा एक अमृत वाटिका बनाने के लिए 75 देशी पौधे लगाना।
- स्वतंत्रता सेनानियों के जीवित और मृत दोनों परिवारों को सम्मानित करना।
- राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्रगान बजाना।
- 'अमृत कलश यात्रा' देश के कोने-कोने से युवा स्वयंसेवक और अन्य लोगों द्वारा पंचायतों/गाँवों से मिट्टी इकट्ठा करना और इसे ब्लॉक स्तर पर लाना।
- इसी प्रकार, मिट्टी को छोटे शहरी निकायों से एकत्र कर और बड़े नगर पालिकाओं / शहरी स्थानीय निकायों में लाना।

**जल के लिए महिलाएँ, महिलाओं के लिए जल अभियान**

- आवास और शहरी मंत्रालय, अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के तहत एक प्रगतिशील पहल "जल के लिए महिलाएँ, महिलाओं के लिए जल अभियान" लॉन्च किया गया है।
- ओडिशा अर्बन एकेडमी इस योजना का नॉलेज पार्टनर है।
- इस अभियान के दौरान "जल दिवाली"भी मनाई जाती है।
- यह अभियान 7-9 नवंबर, 2023 तक आयोजित हुआ।

- **अभियान का उद्देश्य** - जल प्रशासन में महिलाओं को शामिल करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- उन्हें अपने संबंधित शहरों में जल उपचार संयंत्रों के दौरे के माध्यम से जल उपचार प्रक्रियाओं के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान दिया जाएगा।
- ये दौरे घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाने में शामिल महत्त्वपूर्ण प्रक्रियाओं को स्पष्ट करेंगे।

**चुनाव आयोग का इन-हाउस सॉफ्टवेयर (ENCORE)**

- **ENCORE :** Enabling Communication On Real-Time Enviornment

**एनकोर काउंटिंग एप्लिकेशन (ENCORE Counting Application):-**

- इस मंच रिटर्निंग अधिकारियों को प्राप्त वोटों को डिजिटल बनाने, राउंड-वार डेटा को सारणीबद्ध करने और गिनती के लिए विभिन्न वैधानिक रिपोर्ट तैयार करने में मदद करता है।
- **एनकोर (ENCORE) सवीक्षा आवेदन:**- यह एक उपकरण है जो रिटर्निंग अधिकारियों को उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन जमा किए नामांकन की जाँच करने में सक्षम बनाता है।
- **एनकोर नोडल एप (ENCORE Nodal App) :-** इसके तहत विभिन्न विभागों से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्राप्त किए बिना राजनीतिक रैलियों, रोड़ शो और बैठकों की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

**भारत में निर्वाचन आयोग (संवैधानिक संस्था)**

- **स्थापना:**- 25 जनवरी, 1950
- **कार्यक्षेत्र:**- अनुच्छेद-324 के तहत भारत के चुनाव आयोग को संसद और प्रत्येक राज्य के विधानमंडल के साथ-साथ भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की देखरेख, निर्देशन और प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है।
- **संरचना:**- शुरूआत में केवल एक मुख्य चुनाव आयुक्त, वर्तमान में एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त
- **कार्यकाल :**- 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु।
- **चयन:**- राष्ट्रपति द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति।
- **वेतन:**- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समान स्थिति, वेतन और लाभ के हकदार है।
- **अन्य ऐप:**-ECI के पास चुनावी प्रक्रिया से संबंधित ऐप, सक्षम ऐप, C-Vigil, Candidate App, बूथ के ऐप, बीएलओ ऐप और ऑब्जर्वर ऐप है।

**AGNI / अग्नि -आयुर्वेद ज्ञान निपुण्य पहल :-**

- **आयोजनकर्त्ता** - केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद् (CCRAS), आयुष मंत्रालय
- **आयोजन स्थल** - नई दिल्ली
- **उद्देश्य**-वैज्ञानिक सत्यापन और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन के माध्यम से व्यावहारिक आयुर्वेद प्रथाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देना है।
- CCRAS शिक्षा और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए रिपोर्ट की गई चिकित्सा पद्धतियों और चिकित्सीय आहारों का दस्तावेजीकरण और प्रकाशन करेगा।
- इस पहल से आयुर्वेदिक चिकित्सकों को विभिन्न प्रकार के रोगों के निदान के लिए अपने अनुभव और नवाचार पद्धतियों को प्रसारित करने का मंच मिलेगा।
- आयुर्वेद कॉलेजों और अस्पतालों के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, सीसीआरएएस ने -
- स्नातक विद्वानों के लिए आयुर्वेद अनुसंधान केन (स्पार्क) के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम
- पीजी विद्वानों के लिए आयुर्वेद अनुसंधान में प्रशिक्षण योजना (पीजी-स्टार), शिक्षकों के लिए टीचिंग प्रोफेशनल्स (स्मार्ट) कार्यक्रम प्रारंभ किया है।

**यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (VCCN) :-**

- 3 अक्टूबर, 2023 (विश्व शहर दिवस) को कोझिकोड (केरल) एवं ग्वालियर (मध्यप्रदेश) को 55 अन्य शहरों के साथ UCCN सूची में जोड़ा गया (वर्तमान में 8 भारतीय शहर)
- कोझिकोड को भारत के 'साहित्य के शहर' का दर्जा दिया।
- ग्वालियर घराना को 'संगीत के शहर' का दर्जा दिया।
- वर्तमान में UCCN की सूची में 100 से अधिक देशों के 350 शहर सात अलग-अलग क्षेत्रों में शामिल है: (मीडिया कला, संगीत, शिल्प और लोक-कला, डिजाइन, फिल्म, गैस्ट्रोनॉमी, साहित्य और शिल्प)
- UCCN के ब्रागा, पुर्तगाल में 1-5 जुलाई के समारोह में नए मान्यता प्राप्त शहर शामिल होंगे
- सम्मेलन की थीम ''ब्रिगिंग यूथ टू द टेबल''

**UCCN में अन्य भारतीय शहर**

1. श्रीनगर-शिल्प और लोक कला (2021)
2. मुंबई-फिल्म (2019)
3. हैदराबाद-गैस्ट्रोनॉमी (2019) (भोजन)
4. चेन्नई-संगीत का रचनात्मक शहर (2017)
5. जयपुर-शिल्प और लोक कला (2015)
6. वाराणसी-संगीत का रचनात्मक शहर (2015)

## राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक्स लिमिटेड

- नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) द्वारा, सहकारिता के माध्यम से जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने लोगों, वेबसाइट और ब्रोशर का शुंभारंभ किया अथवा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) मृदा लिमिटेड की वेबसाइट एवं वाराणसी बायोगैस संयंत्र से उत्पादित ऑर्गेनिक खाद का लोकार्पण किया गया।
- NCOL के माध्यम से 'Organic under one roof' यानि सभी ऑर्गेनिक प्रोड्क्ट्स के रिटेल आउटलेट के नेटवर्क की शुरूआत हो रही है।

**NCOL" (National Co-operative organics Ltd.)**

- स्थापना:–11 जनवरी, 2023
- **कार्य :–** जैविक उत्पादों के इंटीग्रेशन, सर्टिफिकेशन, टेस्टिंग, स्टैंडर्डइजेशन, प्रोक्योरमेंट, स्टोरेज, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के बाद एक्सपोर्ट का पूरा काम NCOL द्वारा किया जाएगा।

## गुजरात की पहली हेरिटेज ट्रेन :-

- उद्घाटन – गुजरात
- उद्घाटनकर्त्ता–भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस (National unity day) पर
- **विशेषताएँ** –
  - ट्रेन को एक इलेक्ट्रिक इंजन द्वारा खींचा जाएगा, जिसे भाप लोकोमोटिव जैसा डिजाइन किया गया है।
  - एकता नगर और अहमदाबाद के बीच 182 किलोमीटर की यात्रा के दौरान ट्रेन का कोई ठहराव नहीं होगा।
  - तीन कोच वाली यह ट्रेन एकता नगर या केवडिया स्टेशन, (जहाँ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और सरदार वल्लभाई पटेल का स्मारक स्थित है),को अहमदाबाद से जोड़ेगी।
  - इसमें निकास धुएँ का उत्पादन करने के लिए फॉगर्स और भाप लोकोमोटिव की ध्वनि उत्पन्न करने के लिए ध्वनि प्रणाली शामिल है।
- रेल मंत्रालय ने 2022 में केवडिया रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर एकता नगर रेलवे स्टेशन कर दिया, जो गुजरात के वडोदरा डिवीजन के अंतर्गत आता है।

## भारत की पहली वर्टिकल विंड टनल :-

- **कहाँ** – स्पेशल फोर्सेज ट्रेनिंग स्कूल (SFTS), बकलोह (हिमाचल प्रदेश)
- किसके द्वारा – भारतीय सेना
- **उद्घाटनकर्त्ता**–भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे
- **तथ्य** –
  - यह उन्नत पवन सुरंग भारतीय सेना में अपनी तरह की पहली सुरंग है और इसका उद्देश्य सैन्य प्रशिक्षण विधियों (Military Tranning Methods) में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।
  - वर्टिकल विंड टनल एक फ्री फॉल सिम्युलेटर के रूप में कार्य करता है, जो विभिन्न कॉम्बैट फ्री फॉल स्थितियों का अनुकरण करने के लिए विशिष्ट गति पर हवा का एक स्तंभ बनाता है।

## हॉलमार्किंग केंद्र, इडुक्की:-

- इडुक्की में हॉलमार्किंग केंद्र के उद्घाटन के साथ केरल भारत का पहला राज्य बन गया, जिसके सभी 14 जिलों में हॉलमार्किंग केंद्र हैं।
- 2022 के आँकड़ों के अनुसार केरल में सोने का कारोबार लगभग 250 टन की वार्षिक बिक्री के साथ **₹**1 लाख करोड़ से अधिक का है।
- राज्य में लगभग 12,000 स्वर्ण व्यापारी हैं, जिनमें से अधिकांश के पास बीआईएस पंजीकरण है।
- हालांकि BIS हॉलमार्किंग केवल 2 ग्राम से अधिक वजन वाले टुकड़ों पर लागू होती है।

## सोने के संबंध में हॉलमार्किंग ( What is Hallmarking in Gold )

- यह BIS द्वारा सोने की शुद्धता और सुंदरता को प्रमाणित करने की प्रक्रिया है।

**BIS (Bureau of Indian Standards)**

- यह भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है।
- इसकी स्थापना BIS अधिनियम, 2016 के तहत की गयी थी।
- कार्य – मानकीकरण
- चिन्हांकन, गुणवत्ता प्रमाणन –
- अत्याधुनिक तकनीक के साथ महत्त्वपूर्ण वायु गुणवत्ता चुनौतियों का समाधान करना है।

**ATMAN उत्कृष्टता केंद्र**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (IIT-K) ने 'ATMAN' (Advance Technologyles for Monitoring Air Quality INdicators) नामक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है।
- यह भारत में वायु गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वदेशी एवं कम लागत वाले सेंसर निर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग (AI/ML) क्षमताओं के निर्माण (Capacity Develpment) पर ध्यान केंद्रित करता है।

**ईट राइट स्टेशन :-**

- असम में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रंगिया और मारियानी रेलवे स्टेशनों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन से सम्मानित किया गया।
- यह प्रमाणन FSSAI द्वारा उन रेलवे स्टेशनों को प्रदान किया जाता है, जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मानक स्थापित करते हैं।
- ये स्टेशन FSSAI द्वारा स्थापित दिशा-निर्देशों को पूरा करने में सक्षम हैं।
- इससे पहले, एन.एफ. रेलवे के गुवाहाटी, हरिश्चंद्रपुर और लुमडिंग रेलवे स्टेशनों को FSSAI द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।
- **प्रमाणन क्यों**-मानक खाद्य भंडारण (Standard Food Storage) और स्वच्छता प्रथाओं (Hygiene Practies) का पालन करने वाले रेलवे स्टेशनों को FSSAI द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्रदान किया जाता है।

| GI टैग | |
|---|---|
| उत्तराखंड | • भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की भौगालिक संकेत रजिस्ट्री ने बेरीनाग चाय (Berinag Tea) को प्रतिष्ठित GI टैग प्रदान किया।<br>• अन्य उत्पाद- हिमालयन बाजरा,माल्टा फल, रामनगर नैनीताल की लीचियाँ, रामगढ़ नैनीताल के आड़ू, अल्मोडा लखौरी मिर्चीजैसी वस्तुएँ शामिल हैं। |
| लद्दाख | • भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाली भौगोलिक संकेत (Geographical Indicator- GI) रजिस्ट्री ने आधिकारिक तौर पर लद्दाख के उद्योग और वाणिज्य विभागको 'लद्दाख सी बकथॉर्न' के लिए GI टैग प्रदान किया है ।<br>• सी बकथॉर्न को 'वंडर प्लांट', 'लद्दाख गोल्ड', 'गोल्डन बुश' या ठंडे रेगिस्तानों की 'सोने की खान' के नाम से जाना जाता है।<br>• यह केंद्र शासित प्रदेश का चौथा GI टैग है। इससे पहले, लद्दाख पश्मीना शॉल, खुबानी (Apricot Rakatse Karpo Verity) और लद्दाखी लकड़ी की नक्काशी को भी GI टैग मिल चुका है।<br>• सी बकथॉर्न 90% उत्पादन भारत के लद्दाख के कारगिल में होता है। सी बकथॉर्न लद्दाख का दूसरा फल है, जिसे GI टैग के रूप में विशेष पहचान मिल रही है।<br>• सी बकथॉर्न के कई उत्पादों का पोषण और औषधीय महत्त्व है।<br>• सी बकथॉर्न (हिप्पोफे एल) का दूसरा नाम 'लेह बेरी' है, जो छोटे नारंगी या पीले रंग के जामुन पैदा करता है, ये स्वाद में खट्टे होते हैं तथा विटामिन, विशेष रूप से विटामिन सी से भरपूर होते हैं। |
| केरल | • केरल के कोझिकोड में भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान (Indian Institute of Spices Research - IISR) ने 'IISR चंद्रा' नामक काली मिर्च की अभूतपूर्व किस्म के सफल विकास के साथ कृषि के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।<br>• इस नवीन दृष्टिकोण ने उच्च उपज देने वाली काली मिर्च की किस्म को जन्म दिया है, जिसमें गुणवत्ता (Quality) और उपज (Yield) दोनों में अद्वितीय क्षमता है।<br>• 'IISR चंद्रा' भारत में काली मिर्च अर्थव्यवस्था के लिए गेम चेंजर साबित होगा। |

**घोल मछली (Ghol Fish) :-**

- 21 नवंबर, 2023 (वर्ल्ड फिशरीज डे) के दौरान आयोजित ग्लोबल फिशरीज कांफ्रेस इंडिया 2023 में गुजरात ने Ghol Fish को राज्य मछली घोषित किया।
- **वैज्ञानिक नाम** - प्रोटोनिबिया डायकैंथस
- **विशेषता** -
  - ➢ सुनहरे भूरे रंग की घोल मछली को गोल्ड फिश भी कहा जाता है।
  - ➢ यह विश्व की सबसे महंगी मछलियों में से एक प्रजाति है।
  - ➢ इस मछली को सोने की दिल वाली मछली भी कहा जाता है।
  - ➢ यह मछली गुजरात के तटों के अलावा महाराष्ट्र में भी पाई जाती है।
  - ➢ आयोडीन, ओमेगा-3, डीएचए ईपीए, आयरन, टॉरिन, मैग्नीशियम, फ्लोराइड और सेलेनियम जैसे पोषक तत्त्वों से भरपूर इस मछली को पोषण का पॉवरहाउस माना जाता है।
  - ➢ घोल मछली मुख्य रूप से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पाई जाती है, लेकिन घोल मछली अब विश्व स्तर पर सबसे महंगी समुद्री मछलियों में से एक है।

**केंद्रीकृत वन्यजीव अपराध प्रबंधन प्रणाली :** HAWK

- कर्नाटक वन विभाग ने भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट के साथ मिलकर वन और वन्यजीव अपराध के सभी पहलुओं पर नजर रखने के लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म, 'होस्टाइल एक्टिविटी वॉच कर्नेल' (Hostile Activity Watch Kernel) नामक केंद्रीकृत वन्यजीव अपराध प्रबंधन प्रणाली लॉन्च की है।
- **कार्य**-डिजिटल सेवा कंपनी N.T.T. डेटा द्वारा समर्थित, यह प्रणाली विभाग को वन्यजीवों की मौत, संदिग्ध आपराधिक गतिविधियों और संदिग्ध वाहनों की आवाजाही जैसी गतिविधियों पर नजर रखने में मदद करेगी।
- यह वर्ष 2019 में केरल में शुरू की गई थी।

**वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (WTI)**

- गठन -1998
- मुख्यालय -नोएडा, उत्तर प्रदेश

❖❖❖❖❖

# 3 आर्थिक परिदृश्य

**4जी वर्चुअल ट्रेड फेयर :-**

- यह रबर बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया।
- यह कमोटिडी बोर्ड द्वारा घरेलू स्तर पर उत्पादित एवं निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने हेतु प्रथम प्रयास हैं।
- **उद्देश्य :-** उत्पादों को घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रस्तुत कर उन्हें ब्रांड के रूप में स्थापित करना।

**भारतीय रबर बोर्ड :-**

(a) स्थापना – 1947
(b) गठन – वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (भारत सरकार)
(c) मुख्यालय – कोट्टायम (केरल)

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का विस्तार :-**

- हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का विस्तार करते हुए मुफ्त राशन योजना को 5 साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKY):-**

- प्रारंभ–2020
- उद्देश्य–राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत पात्र राशनकार्ड धारकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करवाना।
- वर्ष 2023 में इस योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में मिला कर एक एकीकृत प्रणाली विकसित की गई।

**प्रधानमंत्री किसान भाई योजना :-**

- **उद्देश्य**– केन्द्र सरकार द्वारा छोटे किसानों की मदद करने हेतु यह योजना शुरू की गई।
- **पूरा नाम**–प्रधानमंत्री किसान भाई (भण्डारण प्रोत्साहन) योजना
- **प्रमुख बिन्दु**
  (i) किसानों के सशक्तिकरण हेतु फसल कटाई के बाद किसानों को 3 माह तक फसल संरक्षित रखने हेतु सक्षम बनाना।
  (ii) फसलों की कीमतों पर व्यापारिक एकाधिकार को कम करना।
  (iii) फसल विपणन के समय को चुनने में किसानों को सहायता।

**एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी पहल : APAAR ID**

- **APAAR का पूरा नाम**– स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (ऑटोमेटेड परमानेन्ट एकेडमिक अकाउण्ट रजिस्ट्री)
- **चर्चा में क्यों :-** कई राज्यों की सरकारों द्वारा नए छात्र पहचान पात्र के निर्माण के लिए माता-पिता की सहमति की अनुमति मांगी गई।

**APAAR क्या हैं–**

- यह भारतीय बच्चों के लिए बचपन से प्रारंभ एक अद्वितीय आई.डी. सिस्टम हैं जो स्कूलों एवं राज्यों के मध्य शैक्षणिक रिकॉर्ड के हस्तांतरण को सरल बनाता है।

**APAAR के लाभ:-**

(i) भौतिक दस्तावेजों पर निर्भरता की कमी।
(ii) सरल शैक्षिक प्रक्रिया का विकास।
(iii) शैक्षिक प्रमाणपत्रों में जालसाजी पर नियंत्रण।
(iv) रिकॉर्ड का डिजीटलीकरण।

**अंतर्राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंजों में कुछ भारतीय कंपनियों की सीधे लिस्टिंग की मंजूरी :-**

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी की गई।
- **कंपनी (संशोधन) अधिनियम**–2020 की धारा–[29 की धारा 1(2)] के तहत मंजूरी प्रदान की गई।
- वर्तमान तक कंपनियाँ अमेरिकी डिपॉजिटरी रिसीट (ADR) और ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (GDR) के माध्यम से सूचीबद्ध होती थी।

**इंटरनेशनल स्टॉक एक्सचेंज़**

- स्थापना – 20 दिसम्बर, 2013
- मुख्यालय – सेंट पीटर पोर्ट, गवेर्नसे

❖❖❖❖❖

# 4 राजस्थान परिदृश्य

**ईवी का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस :-**

- राज्य में 5 करोड़ की लागत से ईवी का पहला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जयपुर में बनाया जा रहा है।
- इंजीनियरिंग में डिप्लोमा व डिग्री वालों को इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्रशिक्षण देने का काम प्रारंभ कर दिया है।
- जयपुर में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में राजस्थान का सरकारी स्तर पर ईवी का पहला प्रशिक्षण केन्द्र है।
- इसमें इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा व डिग्रीधारी स्टूडेंट्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो-2024 :-**

- आयोजन - 4 से 6 मार्च, 2024
- आयोजन स्थल - उद्योग भवन जोधपुर
- आयोजन कर्त्ता - राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (REPC- Rajsathan Export Promotion Council)
- **उद्देश्य** - राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों, निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रमों और अभियानों की सफलता से निर्यातकों और निर्यात को गति मिलें।
- **अध्यक्षता**- REPC एवं राजसिको (RAJSICO) अध्यक्ष राजीव अरोड़ा द्वारा।
- **निर्यात की वर्तमान स्थिति**- वर्ष 2017-18 में राजस्थान से निर्यात 46, 476 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 77,771 करोड़ रुपये हो गया।
- RAj Export Data & Top 3 items
- Engineering Goods
- Textile
- etals

**राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (REPC) :-**

- गठन - 3 सितम्बर 2022
- उद्देश्य - उद्योगों के निर्यात संबंधी विषयों की मॉनिटरिंग व उनसे संबंधित परेशानियों को दूर करना।
- **राजसिको**- (Rajsathan Small Industries Corporation Limited)
- RAJSICO की स्थापना - 3 जून 1961
- मुख्यालय - जयपुर
- सार्वजनिक कम्पनी का दर्जा - 1 फरवरी 1975
- **राजसिको का उद्देश्य**- राज्य की लघु औद्योगिक इकाइयों एवं हस्तशिल्पियों को सहायता, प्रोत्साहन तथा उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं का समुचित विपणन।

**राज एपिकॉन (RAj Apicon) :-**

- आयोजन - 28-29 अक्टूबर, 2023
- आयोजन स्थल - कोटा
- शुभारंभ - लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा
- देशभर के 90 जाने माने विशेषज्ञ और आठ सौ फिजिशियन्स शामिल हुए।
- Annual Conference of the Association of Physicians fo India (APICON) :-
- यह फिजिशियन्स का वार्षिक सम्मेलन है।
- उद्देश्य - देशभर के सभी फिजिशियन्स को एकत्रित कर फिजिशियन्स से संबंधित बाधाओं को दूर करते हुये नयी नीतियों का निर्माण करना।

**हाड़ौती का प्रथम फोर्टिफाइड चावल :-**

- फोर्टिफाइड चावल तैयार करने हेतु हाड़ौती का पहला प्लांट राजस्थान के बूंदी जिले में लगाया जाएगा।
- फोर्टिफाइड चावल का अर्थ - पोषण युक्त चावल।

**लाभ** -

1. आम चावल की तुलना में आयरन, विटामिन बी-12, फॉलिक एसिड ज्यादा होता है।
2. फूड सेफ्रटी रेग्युलेटर, FSSAI- (Food Safety and Standards Authority fo India)के मुताबिक, इन्हें खाने से भोजन में पोषक तत्त्वों की मात्रा बढ़ जाती है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**फोर्टिफाइड चावल (Fortified Rice Plant)** -

- FSSAI के अनुसार चावल में सूक्ष्म पोषक तत्वों को सही मात्रा में मिला कर फोर्टिफाइड चावल बनाया जाता है।

**5जी टेस्टिंग लैब:-**

- **कहाँ** – राज्य में IIT जोधपुर, MNIT जयपुर, एमबीएम (MBM) विश्वविद्यालय जोधपुर, BIT'sपिलानी, वनस्थली विद्यापीठ निवाई (टोंक)।
- **किसके द्वारा** – केन्द्रीय दूरसंचार विभाग द्वारा
- **परियोजना** – देश के 100 उच्च शिक्षण संस्थानों में मोबाइल को 5वीं पीढ़ी की तकनीकी परीक्षण प्रयोगशाला (5जी टेस्टिंग लैब) खोलना।
- **परियोजना का उद्देश्य** –
- जी टेस्टिंग लैब के माध्यम से छात्रा-छात्राएँ सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्रों में 5जी टेक्नोलॉजी के एप्लीकेशन विकसित कर सकेंगे ताकि 5जी डेटा का उपयोग आम आदमी की जिंदगी को और बेहतर बनाने के लिए किया जा सके।

**मीरा बाई पर डाक टिकट जारी:-**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीरा बाई की 525वीं जयंती के उपलक्ष्य में डाक टिकट और 525 रुपये का सिक्का जारी किया है। इनका जन्म कुड़की गाँव में हुआ।
- पिता – रतनसिंह (कुड़की, पाली)।
- पति – राजा भोज (चित्तौड़ के महाराजा)
- इन पर वर्ष 1952 में भी डाक टिकट जारी किया गया था।

**राजस्थान में 200 में से 199 सीटों पर चुनाव:-**

- राजस्थान के श्रीकरणपुर, श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी का निधन होने के कारण विधानसभा चुनाव सम्पूर्ण 200 सीटों पर ना होकर 199 सीटों पर हुए।
- **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम** (Representation for People Act) – 1951 की धारा 52 के तहत यदि किसी मान्यता प्राप्त दल के उम्मीदवार की मतदान से पहले मौत होती है, तो उस सीट पर चुनाव स्थगित करके वहां बाद में मतदान कराया जाता है।

**कब-कब चुनाव स्थगित हुए:**

- **2023:** श्रीगंगानगर के करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 25 नवम्बर को वोटिंग नहीं करवाई गई।
- **2018:** अलवर के रामगढ़ में बसपा के लक्ष्मण सिंह का निधन होने से मतदान टाला गया था।
- **2013:** चूरू क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी का निधन होने से चुनाव स्थगित हुए।
- **1993:** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में भाजपा प्रत्याशी की हादसे में मौत के कारण चुनाव स्थगित किया गया था।
- **1985:** भरतपुर जिले के डीग से भरतपुर के पूर्व राजपरिवार के मानसिंह व एक अन्य प्रत्याशी के निधन के कारण 198 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी।
- **1977:** एक प्रत्याशी के निधन के कारण 199 सीटों पर ही मतदान हुआ था।

**गुरमीत सिंह कुन्नर:**

- इनका संबंध करणपुर विधानसभा सीट से है।
- ये कांग्रेस पार्टी के वर्तमान विधायक तथा अगले चुनाव प्रत्याशी थे।

**हरित बीमा योजना:-**

- 'द अर्बन लरनोथन प्लेटफार्म'
- द अर्बन लरनोथन प्लेटफार्म (The Urban Leornothan Platform) में अनूपगढ़ की हरित बीमा योजना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।
- 51 योजनाओं में से राजस्थान की एकमात्र योजना

**क्या है हरित बीमा योजना?**

- नगर पालिका शहर में वेस्ट टू बेस्ट बनाकर पर्यावरण संरक्षण व पक्षियों की सुरक्षा करना।
- इस योजना में ठोस कचरा प्रबंधन, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण के लिए नगरीय क्षेत्र, सभी राजकीय, निजी विद्यालयों, कॉलेज, मैरिज पैलेस, सार्वजनिक स्थानों से अनुपयोगिक इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अकुशल श्रमिकों द्वारा प्लास्टिक बोतल एकत्रित की गई।

**नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जयपुर नगर निगम ग्रेटर दंडित:-**

**कारण:-**

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा कचरा निस्तारण ना करने के कारण जयपुर नगर निगम ग्रेटर को दंडित करने का आदेश दिया है।
- इस दण्ड की गणना याचिका संख्या – 606/2018 के तहत राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा की जायेगी।

**अन्य तथ्य:-**

- यह निर्णय अशोक मलिक बनाम कमिश्नर नगर निगम ग्रेटर जयपुर वाद के तहत दिया गया।

| **जुर्माना गणना:-** | **जुर्माना प्रति महिना** |
|---|---|
| 10 लाख से अधिक आबादी – | 10 लाख रूपए |
| 5 लाख से 10 लाख तक आबादी | 5 लाख रूपए |
| अन्य निकाय | 1 लाख रूपए |

**राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण**

- **राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण अधिनियम** - 2010 द्वारा भारत में एक राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की स्थापना की गई है।
- **कार्य:-**
  - » पर्यावरण बचाव ।
  - » वन संरक्षण ।
  - » अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन ।
  - » क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुडे हुए मामलों का प्रभावशाली और तीव्र गति से निपटारा करना।

**नेशनल गेम्स में राजस्थान ने रोल बॉल में जीता स्वर्ण-रजत पदक:-**

- पुरुष वर्ग में राजस्थान ने महाराष्ट्र को 7-5 के स्कोर से हराया और गोल्ड हासिल किया।
- महिला वर्ग में राजस्थान को महाराष्ट्र ने 4-3 से परास्त किया और परिणामस्वरूप महिला वर्ग ने रजत पदक हासिल किया।

**राजस्थान वुशु टीम ने जीते चार स्वर्ण सहित 8 पदक:-**

**स्वर्ण:-**

- नितिका बंसल (65 kg)
- मुकेश चौधरी (75 kg)
- तौसिफ हसन (85 'kg)
- नीलम चौधरी (गुनशु इवेंट)
- स्वर्ण- 4
- रजत- 1
- कांस्य- 3

**राजस्थान स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप, 2023**

- **कब**- 2 से 5 नवंबर
- **कहाँ** - बीकानेर
- **आयोजक:**-राजस्थान स्केट एसोसिएशन द्वारा भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ (RSFI)
- **पदक तालिका:**-जयपुर (प्रथम)(74 पदक, 30 स्वर्ण, 24 रजत, 20 कांस्य)
- बीकानेर (द्वितीय)
- जोधापुर-उदयपुर (तृतीय)
- **सितारा:**-दिशा सिंह - 2 रजत, 2 कांस्य

**गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में जयपुर की अंतर्राष्ट्रीय आर्चर 'प्रियागुर्जर' ने राजस्थान को तीरंदाजी में दोहरी सफलता दिलाई:-**

- व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत
- महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण

**राष्ट्रीय खेलों में स्क्वैश टीम ने जीता कांस्य पदक**

- राजस्थान टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले मध्यप्रदेश को 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक जीता।
- खिलाड़ी-याशी जैन, रिया सिसोदिया, रित्विका सिंह और छवि सारण

**राजस्थान गोल्फ टीम ने जीता कांस्य पदक**

- 37वें राष्ट्रीय खेल, 2023
- टीम- गिर्राज सिंह खड़का और सवाई एच-एस- भाटी (रामबाग गोल्फ क्लब)

**राजस्थान हाईकोर्ट में तीन नये न्यायाधीश:-**

- राजस्थान हाईकोर्ट में अन्य उच्च न्यायालयों से स्थानान्तरित होकर आये तीन न्यायधीशों को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह द्वारा शपथ दिलवाई गई।
- **ये न्यायधीश है-**
  1. अवनीश झिंगन (पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट)
  2. अरूण मोगा (पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट)
  3. मन्नूरी लक्ष्मण (तेलंगाना हाईकोर्ट)

**राजस्थान हाईकोर्ट**

- स्थापना - 29 अगस्त 1949
- मुख्यालय - जोधापुर

**पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन को मिला दूसरा सर्वश्रेष्ठ लग्जरी ट्रेन का खिताब:-**

- राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) द्वारा प्रदेश में संचालित पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन को क्यूशू ट्रेन (जापान) के बाद द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
- **यह पुरस्कार कॉर्डेनास्ट रीडर्स चॉइस अवार्ड - 2023** के तहत लग्जरी ट्यूरिस्ट ट्रेन कैटेगरी में यह अवार्ड मिला।

**देश की अन्य लग्जरी ट्रेने निम्न है-**

- गोल्डन चेरिएट - 9वाँ स्थान
- महाराजा एक्सप्रेस - 12वाँ स्थान

**राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) :-**

**स्थापना** - 01 अप्रैल 1979

**कार्य** -

- राजस्थान में कई रेस्तरां, कैफेटोरिया, होटल और बार का प्रबंधन करता है।

- यह पैकेज टूर, मेलों, त्योहारों, मनोरंजन, खरीदारी और परिवहन सेवाओं का भी आयोजन करता है।

**अन्य तथ्य –**

- राजस्थान पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय जयपुर में स्थित है।
- राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (RTDC) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत है।

**कार्तिक महोत्सवः-**

- उत्तर भारत की वैष्णव सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ कहलाने वाली पीठ उत्तर तोताद्री (गलता जी, जयपुर) में 13 नवम्बर से 27 नवम्बर तक कार्तिक महोत्सव का आयोजन किया गया।

**मेले के प्रमुख आयोजनः-**

1. **डाला छठ महोत्सव** –इसका आयोजन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को गलता जी में किया गया।
   इस उत्सव में श्रद्वालु गलता कुण्ड में सायंकाल सूर्य को अर्घ देकर पूरी रात कुण्ड में खड़े रहकर सप्तमी की सुबह सूर्य को अर्घ देते है।
2. **गोपाष्टमी** – इसका आयोजन कार्तिक शुक्ल अष्टमी को किया गया। इस दिन गौ पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।

- **भीष्म पंचक** – कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक का पंच दिवसीय पर्व भीष्म पंचक कहलाता है। इन दिनों दान का पुण्य का विशेष महत्त्व होता है।

**राजस्थान स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड अथॉरिटीः-**

- राजस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता को बढाने के उद्देश्य से राजस्थान स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड अथॉरिटी बनाई जायेगी।
- महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश के बाद राजस्थान इसे स्थापित करेगा।
- यह एक स्वतंत्र संस्था के रूप में कार्य करेगी।

**तिजारा नर्सिंग महाविद्यालय को भारतीय नर्सिंग परिषद् (INC) से मान्यता मिली–**

- राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय (तिजारा, अलवर) को भारतीय नर्सिंग परिषद् (INC) द्वारा 60 सीटों के लिए उपयुक्त मानते हुए मान्यता प्रदान की।
- इस मान्यता के साथ ही यहाँ के विद्यार्थी देश–विदेश में सरकारी भर्तियों में पंजीकरण के पात्र होगें।

**भारतीय नर्सिंग परिषद् –**

- स्थापना – 1947 नई दिल्ली
- भारत में नर्सो व उनकी शिक्षा की नियामक संस्था है।

**स्वयं सिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शिनी 2023ः-**

- **आयोजन** – एन्टरटेंमेंट पेराडाईज (EP) लॉन (जवाहर सर्किल, जयपुर) ।
- **आयोजनकर्त्ता**– लघु उद्योग भारती (जयपुर) ।
- राज्य के प्रसिद्व शिल्पकारों, कुटीर एवं महिला उद्योगों के उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शिनी।
- इसमें जयपुर ग्रामीण के लोकसभा सदस्य राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये।
- इसका आयोजन 3 नवम्बर से 5 नवम्बर तक किया गया।

**हाई राईज मेमू ट्रेनः-**

- राज्य की प्रथम मेन लाईन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेन का संचालन किया जायेगा।

**विशेषताएँ–**

1. 8 कोच
2. 110 किमी/घंटा की अधिकतम स्पीड़
3. दोनों ओर स्लाइडिंग डोर
4. प्रत्येक कोच में CCTV और GPS
5. मेट्रो की तरह डिस्प्ले बोर्ड पर स्टेशन की जानकारी और साउण्ड सिस्टम भी लगा है।
6. 150 किमी– की दूरी में चलाई जायेगी।

इसके डिब्बों का निर्माण डिब्बा कारखाना चैन्नई में हुआ है।
संचालन निम्न जगह तक होगा–

I. जयपुर – सवाई माधोपुर – बयाना
II. जयपुर – अजमेर – मारवाड़

- इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू)
- इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू) एक मल्टीपल–यूनिट ट्रेन है
- जिसमें प्रेरक शक्ति के रूप में बिजली का उपयोग करने वाली स्व–चालित गाड़ियां शामिल होती हैं ।

**आधुनिक मेडिकल रिसर्च लैब की स्थापनाः-**

- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की एक आधुनिक लैब बनाने हेतु राजस्थान विश्वविद्यालय और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के मध्य MoU हस्ताक्षरित किया।
- इसके माधयम से अब चूहे और खरगोश के अलावा ड्रोसोफिला मेलानोगेस्टर और जेब्राफिश पर आयुर्वेदिक दवाओं का प्रीक्लिनिकल रिसर्च किया जा सकेगा।
- **ड्रोसोफिला मेलानोगास्टर**– ड्रोसोफिला मेलानोगास्टर ड्रोसोफिलिडे परिवार में मक्खी (डिप्टेरा क्रम का एक कीट) की एक प्रजाति है।

- इस प्रजाति को अक्सर 'फल मक्खी' या 'सिरका मक्खी', 'पोमेस मक्खी', या 'केला मक्खी' के रूप में जाना जाता है।

**'धरती धोरां री' लोक संस्कृति महोत्सवः-**

- **आयोजन**-16 नवम्बर से 22 नवम्बर 2023
- **आयोजन स्थल**-महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम (जयपुर)
- **आयोजनकर्त्ता**- इन्फोसिस फाउण्डेशन और भारतीय विद्या भवन
- 7 दिवसीय महोत्सव है जिसके तहत नगाडा वादन, नृत्य, पूंगी वादन, ध्रुपद गायिकी, लोक नृत्य एवं लोक नाट्यों का आयोजन हुआ।

**मतदाता जागरूकता गीतः-''ओ भायो वोट नाकवा जाणो'':-**

- ''25 नवम्बर भूल नहीं जाणो रे'' लोकतंत्र रे पर्व रो थाने फर्ज निभाणों है।'' इस गीत के साथ उदयपुर जिले की सभी विधानसभाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।
- इस गीत की रचना महात्मा गांधी स्कूल (गिर्वा तहसील, उदयपुर) के प्रधानाध्यापक भैरूलाल कलाल द्वारा की गयी।

**देश की सबसे उम्र दराज बाघिन बनी ST-2 :-**

- सरिस्का की बाघिन ST-2 ने देश की सबसे उम्र दराज बाघिन होने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।
- इसका जन्म सन् 2004 में हुआ तथा यह अब 19 साल 4 महिने की हो चुकी है।
- ST-2 ने अपनी माँ बाघिन मछली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिसने 19 वर्ष तक जीवन व्यतीत किया था।
- औसतन बाघ-बाघिन की उम्र 12 से 15 वर्ष होती है।

**देश की सबसे बड़ी जागरूकता फड़ः-**

- जारी कर्त्ता -निर्वाचन विभाग
- कारण -विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान के संदेश को प्रसारित करना।
- प्रदर्शन -बाड़मेर जिला मुख्यालय पर
- विशेष -देश की सबसे बड़ी लगभग 101 मीटर लम्बी मतदान जागरूकता फड़।
- इसमें निर्वाचन विभाग के विभिन्न निर्देश, मतदान से जुड़ी जानकारियाँ, जागरूकता के नारे एवं निर्वाचन आयोग से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ चित्रित की गयी।

**विधानसभा चुनावों को मध्य नजर रखते हुये प्रमुख कार्यवाहियाँ -**

**ऑपरेशन नकासीः-**

- ऑपरेशन नकासी के तहत नाकाबंदी को और कठोर करते हुये अवैध नकदी व अन्य सामानों की सीजर की कार्यवाही तीव्रता से की जा रही है।

**ऑपरेशन जैकपॉटः-**

- इसके तहत प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि अपने आसूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध सामानों व ठिकानों पर छापामारी करके जब्त की कार्यवाही की जाये।

**टच द टारगेट-20 (T-To-T-T):-**

- इसके तहत सभी जिलों को 20 करोड़ की जब्ती का टारगेट दिया गया था।
- जोधपुर जिले ने सबसे पहले यह आंकड़ा छूआ एवं उसके बाद जयपुर रहा।

**रमा एकादशी/ रम्भा एकादशीः-**

- कार्तिक कृष्ण एकादशी के दिन यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन गोविन्द देव जी मन्दिर में भव्य झांकियों का आयोजन किया जाता है।

**राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्तिः-**

- हाल ही में कॉलेजियम की सलाह पर तीन हाईकोर्टो के मुख्य न्यायधीशों की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति प्रदान की गयी।
- इसमें राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह भी शामिल हैं।
- जॉर्ज मसीह को 30 मई 2023 को राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाई गयी थी, ये राजस्थान हाईकोर्ट के 41 वें मुख्य न्यायधीश थे।

**कॉलेजियम क्या है?**

- भारत में कॉलेजियम एक ऐसी प्रणाली है जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और स्थानान्तरण किया जाता है।
- यह प्रणाली संविधान के प्रावधान के द्वारा नहीं बल्कि सर्वोच्च न्यायलय के निर्णयों द्वारा विकसित हुई है।

**मोमासर उत्सव 2023**

- स्थानः- मोमासर गाँव, बीकानेर
- (श्री जयचंद लाल पटवारी की हवेली, श्री कानीराम बुद्धमल पटवारी की हवेली)
- लोक संगीत, कला और संस्कृति का 3 दिवसीय उत्सव है। (3 से 5 नवंबर 11वां संस्करण)



**हैरिटेज शो का आयोजनः-**

- आयोजन-18-20 नवम्बर 2023
- आयोजन स्थल- जवाहर कला केन्द्र (जयपुर)।
- तीन दिवसीय हैरिटेज शो का आयोजन किया गया।
- यह शो का दूसरा सीजन है।

**संतरगी सप्ताहः-**

- आयोजन- 16 नवम्बर से 22 नवम्बर 2023
- आयोजन स्थल- जयपुर ।
- उद्देश्य -मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा पिछले चुनावों में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों पर अधिक ध्यान
- 7 दिवसीय सप्ताह में प्रतिदिन पृथक-पृथक तरीकों यथा- ट्राई साईकिल, वोट ट्री, दीपदान, रैली इत्यादि द्वारा मतदान जागरूकता का कार्य किया गया।

**राज्य की तीसरी बर्ड सेंचुरीः-**

- राज्य की तीसरी बर्ड सेंचुरी
- नेवटा बांध (जयपुर) में बनाई जा रही है।
- इसे कैलादेवी अभ्यारण्य के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।
- यह सेंचुरी 7 ब्लॉक में विभाजित होगी, जिसमें से 3 ब्लॉक में साफ पानी होगा तथा 4 ब्लॉक में नेवटा बांध से पानी लिया जायेगा।
- अन्य बर्ड सेंचुरी -कैलादेवी अभ्यारण्य और तालछापर।

**इसके तीन भाग है -**

1- वेटलैण्ड- पक्षियों की भोजन की व्यवस्था के लिए।
2- ग्रासलैण्ड- पक्षियों के प्रवास हेतु।
3- वुडलैण्ड- फ्रूट्स वाले पौधे ताकि सब तरह के पक्षी प्रवास कर सकें।

**'आई कॉनिक आमेर':-**

- आमेर को ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए 'आमेर विकास प्राधिकरण' द्वारा 14 करोड़ रूपये खर्च करने का प्रस्ताव पारित किया -
  1. सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण - 6.24 करोड़ रूपये
  2. तीन हैरिटेज पाथ वे - 2.70 करोड़ रूपये
  3. पार्किंग सुविधा - 1.25 करोड रूपये
- दिल-ए-आराम बाग में डायनामिक लाईटिंग एवं म्यूजिकल फव्वारे लगेंगें। शाही राम बाग महल के आस-पास रंगीन फव्वारे - 4 करोड़ रूपये
- ये सभी धनराशि (14 करोड़ रूपये) पर्यटन विकास कोष से उपलब्ध कराई जायेगी।

**MNIT जयपुर द्वारा सिलिकोसिस जांच डिवाईस का निर्माणः-**

- MNIT जयपुर द्वारा खदान, निर्माण कार्य और कारखानों में कार्यरत मजदूरों में सिलिकोसिस जांच हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डिवाईस तैयार किया है।
- MNIT को ''सिलिकोसिस रोकथाम व अनुसंधाान परियोजना'' के तहत 15 करोड़ रूपये का फण्ड मिला था, जिसके तहत यह डिवाईस निर्मित किया गया।

**सिलिकोसिस-**

- सिलिकोसिस एक दीर्घकालिक फफेड़ों की बीमारी है जो आमतौर पर कई वर्षों की अवधि में सिलिका धूल के असुरक्षित स्तर के कारण होती है।
- सिलिकोसिस के 3 सामान्य प्रकार हैं:
- **क्रोनिक सिलिकोसिस** - 10 वर्षों से अधिक समय तक सिलिका धूल के संपर्क में रहना
- **त्वरित सिलिकोसिस** - 3 से 10 वर्षों तक सिलिका धूल के संपर्क में रहना
- **तीव्र सिलिकोसिस** - सिलिका धूल के संपर्क में आने के कुछ हफ्तों या महीनों के भीतर विकसित होता है

❖❖❖❖❖

# 5 रक्षा, विज्ञान एवं तकनीक

**भारत में 100% FDI वाली पहली रक्षा कंपनी-SAAB :-**

- भारत ने स्वीडन की SAAB को रॉकेट निर्माण के लिए एक नई सुविधा स्थापित करने की अनुमति दी है, जो रक्षा क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का पहला उदाहरण है।
- 500 करोड़ रुपये से कम मूल्य के इस FDI प्रस्ताव को पिछले महीने मंजूरी दी गई थी।
- SAAB ने Carl-Gustaf M4 सिस्टम (कंधे से दागे जाने वाले रॉकेट) की नवीनतम पीढ़ी बनाने के लिए एक नई कंपनी Saab FFV India की स्थापना की है।
- तकनीक-साइटिंग तकनीक और कार्बन फाइबर वाइंडिंग
- भारत वर्तमान में स्वचालित मार्ग के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में 74% FDI की अनुमति देता है, इससे अधिक की मंजूरी मामला-दर-मामला (Case by Case) आधार पर उपलब्ध है।
- हालांकि 2015 में FDI मंजूरी के नियमों में ढील दी गई थी, लेकिन अब तक कोई भी विदेशी कंपनी रक्षा क्षेत्र में 100 फीसदी FDI की अनुमति नहीं ले पाई थी।

**एयरक्राफ्ट इंजन निर्माण समझौता:.**

- 27 अक्टूबर, 2023 को भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और फ्रांस की सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन ने एयरोस्पेस में वाणिज्यिक इंजनों के लिए 'रिंग फोर्जिंग' में औद्योगिक सहयोग विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- **रिंग फोर्जिंग (Ring forging)** -धातु को हथौड़े से मारकर, दबाकर या रोल करके आकार देने की एक विनिर्माण प्रक्रिया है, जबकि धातु पिघली हुई अवस्था में होती है।
- इस सहयोग के केंद्रीय पहलुओं में से एक में HAL, बेंगलुरु में स्थित अपनी अत्याधुनिक फाउंड्री और फोर्ज सुविधा में एयरबस A-320 नियो फैमिली और बोइंग 737 मैक्स जैसे प्रमुख विमान मॉडलों के लिए सफ्रान द्वारा विकसित लोडिंग एज एविएशन प्रोपल्शन (LEAP) इंजन का उत्पादन करेगा।

**पहली सैटेलाइट-आधारित गीगाबिट ब्रॉडबैंड सेवा :-**

**किसने** - रिलायंस जियो

**लाभ** -

- राष्ट्रव्यापी कवरेज
- भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुँच का विस्तार
- **भारत की पहली उपग्रह**-आधारित गीगाबिट ब्रॉडबैंड सेवा
- **अधिकारिक अनावरण** - इंडिया मोबाइल कांग्रेस में।
- इस परियोजना के लिए Jio ने लक्जमबर्ग स्थित उपग्रह दूरसंचार नेटवर्क प्रदाता SES के साथ साझेदारी की है।
- Jio अत्याधुनिक मीडियम अर्थ ऑर्बिट (MEO) उपग्रह तकनीकी की मदद से अंतरिक्ष से गीगाबिट स्पीड इंटरनेट सेवाएँ प्रदान कर सकेगा।
- **अन्य सैटेलाईट ब्रॉडबैण्ड सेवा प्रदान करने वाली कंपनियाँ** - HughesNet, Viasat, Starlink, Project Kailper, One web, Telesat etc.

**हाइड्रोजन उत्पादन वाला बैक्टीरिया (Hydrogen Producing Bacteria)**

- महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में स्थित अरावली के गर्म झरने में पाए जाने वाले अवायवीय (Anaerobic) 'लिग्नोसेल्यूलोज-डिग्रेडिंग बैक्टीरिया' का एक नया जीनस 'स्पोरानाएरोबियम हाइड्रोजनीफॉर्मन्स',
- यह चयापचय (Metabolize) के उपोत्पाद के रूप में हाइड्रोजन गैस का उत्पादन करने की क्षमता रखता है।
- जर्नल आर्काइव्स ऑफ माइक्रोबायोलॉजी के हाल ही में प्रकाशित एक पेपर के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान, अगरकर अनुसंधान संस्थान (एआरआई) में बायोएनर्जी समूह पिछले दस वर्षों से लिग्नोसेल्यूलोसिक कचरे के टूटने में अवायवीय बैक्टीरिया का अध्ययन कर रहा है।
- इस जीवाणु द्वारा लिग्नोसेल्यूलोसिक कृषि अपशिष्टों, सेल्युलोज और जाइलन (Xylane) के संरचनात्मक तत्त्वों को तोड़ा जा सकता है।

**केरल में नई मशरूम प्रजाति (New Mashroom Species in Kerala) :-**

- वैज्ञानिक नाम – कैंडोलेओमाइसेस अल्बोस्क्वामोसस
- खोजकर्ता – केरल में जवाहरलाल नेहरू उष्णकटिबंधीय वनस्पति उद्यान और अनुसंधान संस्थान (Jawahar Lal Nehru Tropical Botanic Garden and Research Institute - JNTBGRI)

**मिंग–21 बाइसन लड़ाकू विमान सेवानिवृत्त :-**

- 31 अक्टूबर, 2023 को राजस्थान में बाड़मेर जिले के उत्तरलाई वायु सेना स्टेशन में मिग–21 बाइसन विमान ने आखिरी उड़ान भरी।
- छह दशकों से सेवा दे रहे इन पुराने विमानों को ''स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क–1'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।
- एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 2024 तक सभी मिग–21 को रिटायर करने की योजना है।

**LCA Mark 1A :-**

- यह एक फाईटर एयरक्राफ्ट है।
- यह तेजस विमान का एडवांस वर्जन है।
- इसका निर्माण हिंदुस्तान एरोनॉमिक लिमिटेड (HAL) द्वारा किया जा रहा है।
- **LCA- Light Combat Aircraft**

**Mig-21**

- यह सुपरसोनिक लडाकू जेट विमान है।
- निर्माता–मिकोयान–गुरेविच डिजाईन ब्यूरो(सोवियत संघ)
- भारत में HAL ने मिग–21 विमान का प्रोजेक्शन शुरू किया था।

**प्रोजेक्ट कुशा :-**

- **क्या है**– भारत की वायु रक्षा प्रणाली

**लक्ष्य** –

- मजबूत वायु रक्षा प्रणाली का विकास करना
- विभिन्न खतरों से रक्षा करना और रणनीतिक (Stratgic) और सामरिक (Toctical) कवरेज प्रदान करना है।
- **निर्माता**– भारत में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा सार्वजनिक– निजी भागीदारी के तहत (Public Private Partnership)
- यह परियोजना न केवल इजराइल की आयरन डोम प्रणाली से बेहतर प्रदर्शन करेगी, बल्कि रूस की एस–400 प्रणाली और संयुक्त राज्य अमेरिका की 'पैट्रियट' प्रणाली की प्रभावशीलता को भी टक्कर देगी।

**प्रोजेक्ट कुशा**

- **इस प्रणाली के तहत** – स्वदेशी लंबी दूरी की सतह से हवा (Surface to Air) में मार करने वाली रक्षा प्रणाली (LR-SAM) लंबी दूरी की निगरानी और अग्नि नियंत्रण रडार के साथ–साथ इंटरसेप्टर मिसाइलें शामिल हैं, जो 150 किमी, 200 किमी और 350 किमी. की दूरी पर शत्रु लक्ष्यों का पता लगा सकती हैं।
- यह निगरानी (Surveillance) और अग्नि नियंत्रण रडार भारतीय वायु सेना (IAF) को हवाई क्षेत्र की प्रभावी ढंग से निगरानी करने और दुश्मन के हमलों से बचाव करने में सक्षम बनाएंगे।
- LR-SAM-Long-Range Surface-to-Air Missile

**प्रचंड हेलीकॉप्टर:.**

- भारतीय सेना ने हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (Light Combat Helicofter - LCH) 'प्रचंड' की 70 मि.मी. रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन की उद्घाटन फायरिंग दिन और रात दोनों में सफलतापूर्वक की।
- प्रचंड भारत का पहला स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा विकसित किया गया है।
- हेलीकॉप्टर में शक्ति इंजन लगा है, जिसे HAL और फ्रांस की सफ्रॉन ने मिलकर विकसित किया है।
- हेलीकॉप्टर को वर्ष 2017 में परिचालन मंजूरी मिली।
- हेलीकॉप्टर हेलिना मिसाइलों से लैस होगा, जिसके वायु सेना संस्करण को ध्रुवास्त्र कहा जाता है। सेना ने अपना पहला LCH 29 सितंबर, 2022 को शामिल किया था।

**भारतीय नौसेना का 'आईएल 38 एसडी' सेवामुक्त :-**

- यह भारतीय नौसेना की लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान है।
- 46 वर्ष की शानदार सेवा के बाद विदाई ।
- डीकमीशनिंग समारोह 31 अक्टूबर, 2023 को आईएनएस हंसा, डाबोलिम (गोवा) में आयोजित किया गया।

**प्रोजेक्ट डॉल्फिन :-**

- लाँच – 06 नवंबर, 2023 (मन्नार बायोस्फीयर रिजर्व की खाड़ी)




- **किसके द्वारा**–तमिलनाडु सरकार द्वारा भारत सरकार के वन्यजीव आवास कार्यक्रम के एकीकृत विकास के तहत
- **उद्देश्य**– समुद्री पारिस्थितिकी और समुद्री पर्यावरण के समग्र स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए लागू ।
- इसके तहत डॉल्फिन की संख्या अनुमान, सुरक्षा, निगरानी और जागरूकता बढ़ाने सहित कई गतिविधियाँ शुरू की जाएंगी।

**Mebella वैक्सीन :-**

- भारतीय प्रतिरक्षा विज्ञानियों ने खसरा (Measles) और रूबेला (Rubella) से बच्चों के बचाव के लिए MR वैक्सीन बनाई।
- Mebella वैक्सीन दो खुराक वाली वैक्सीन है, जहाँ पहली खुराक 9 महीने की उम्र में दी जानी है, वहीं दूसरी खुराक 16-24 महीने की उम्र में दी जानी है।
- निर्माता – वियतनाम के पॉलीवैक इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड-IIL
- **इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (IIL) की स्थापना** :- 1982 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) द्वारा की गई।

**खसरा (Measles) :-**

- यह एक वायरस जनित रोग है।
- वायरस – रूबेला (Rubella)

**रूबेला (Rubella) :-**

- इसे जर्मन खसरा (German Measles) संक्रमण कहा जाता है।

**INFUSE मिशन :-**

- नासा ने इंटीग्रल फील्ड अल्ट्रावॉयलेट स्पेक्ट्रोस्कोपिक एक्सपेरिमेंट (Integral Field Ultraviolet Spectroscopic Experiment)
- मिशन को साउंडिंग रॉकेट से न्यू मैक्सिको, व्हाइट सैंडस मिसाइल रेंज से लॉन्च किया है।
- **लक्ष्यः**– पृथ्वी से 2,600 प्रकाश वर्ष (Light years) दूर स्थित 20,000 वर्ष पुराने सुपरनोवा अवशेष 'सिग्नस लूप' (एक तारे का अवशेष जो हमारे सूर्य से 20 गुना बड़ा है।)

**मिग-21 बाईसन रिटायरः-**

- उत्तरलाई एयरफोर्स बेस मिग-21 बेड़े के विमान बाईसन के रिटायर किया गया।
- 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध एवं 1999 के कारगिल युद्ध में इसने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।
- एयरफोर्स 2025 तक सभी मिग-21 विमानों को चरणबद्ध तरीके से हटायेगी।

**15 बी युद्धपोत 'सूरत' का अनावनरणः-**

- भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी, निर्देशित मिसाईल विध्वंसक 'सूरत' का अनावरण गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा सूरत में किया गया।
- इस युद्धपोत को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 17 मार्च 2022 को मुम्बई में लांच किया गया था।

**प्रथम इंड्स-एक्स निवेशक सम्मेलनः-**

- भारत और अमेरिका के बाच 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के प्रथम आयोजन का उद्देश्य रक्षा उत्पादन विभाग और अमेरिकी रक्षा विभाग के तत्वाधान में रक्षा उत्कृष्टता नवाचारों में वृद्धि करना है।
- **इस कार्यक्रम के दौरान इंड्स-एक्स** शैक्षिक श्रृंखला (गुरूकुल) भी शुरू की गयी।

**इंड्स-एक्सः-**

- **पूरा नाम**-भारत-अमेरिकी डिफेंस एक्सीलरेशन इकोसिस्टम Indian United States Defense Acceleration Ecosystem
- इस प्रोजेक्ट की शुरूआत जून 2023 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान किया गया।
- भारत और अमेरिका की सरकारों, व्यवसायों व शैक्षणिक संस्थानों के मध्य रणनीति प्रौद्योगिकी साझेदारी और रक्षा औद्योगिकी सहयोग का विस्तार करने के लिए स्थापित किया गया।

**एक्स-बोंगोसागर एवं कॉरपेट युद्धाभ्यासः-**

- भारत और बांग्लादेश की नौसेना के मध्य
- 4जी बोंगोसागर-23 तथा 5जी कॉर्डिनेटेड पेट्रोल कॉरपेट युद्धाभ्यास उत्तर बंगाल की खाड़ी में सम्पन्न हुए।

- इस अभ्यास में भारत की तरफ से जहाज कुठार, किल्टान एंव गश्ती विमान डोर्नियर तथा श्रीलंका की ओर से जहाज अबू बक्र, अबू उबैदा और गश्ती विमान ने भाग लिया।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद (IPRD-2023) :-**

- भारतीय नौसेना की तीन दिवसीय शीर्ष स्तर की क्षेत्रीय रणनीतिक वार्ता
- **''इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग IPRD** (-2023'' का शुभारंभ 15 नवम्बर को नई दिल्ली में किया गया।
- इसके मुख्य अतिथि माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी थे।
- इसके तहत उपराष्ट्रपति द्वारा ''बिल्डिंग पार्टनरशिप्स -इंडिया एवं इंटरनेशनल कॉरपोरेशन फॉर मैरीटाईम सिक्योरिटी'' नामक पुस्तक का विमोचन किया।

**9वां मित्र शक्ति सैन्याभ्यास - 2023:-**

- भारत और श्रीलंका के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास
- 9 वां संस्करण औंध (पुणे) में आयोजित किया गया।
- इसमें भारत की तरफ से मराठा लाईट इन्फैन्ट्री रेजिमेंट तथा श्रीलंका की तरफ से 53 इन्फैन्ट्री डिवीजन के सैनिकों ने भाग लिया।
- इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-7 के तहत उप पारंपरिक संचालन का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है।
- पिछला संस्करण अक्टूबर 2021 में श्रीलंका में आयोजित किया गया था।

**वज्र प्रहार युद्धाभ्यास :-**

- भारत और अमेरिका के मध्य: विशेष संयुक्त सशस्त्र बल अभ्यास
- 14 वे संस्करण का आयोजन उमराई (मेघालय) में किया गया।
- इसका उद्देश्य संयुक्त कार्यक्रम योजना और परिचालन रणनीति जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और उत्कृष्ट अनुभवों को साझा साझा करना है।
- इस युद्धाभ्यास का 'प्रथम संस्करण 2010 में आयोजित हुआ तथा यह युद्धाभ्यास दोनो देशों की विशेष सैन्य टुकड़ियों के मध्य विचारों के आदान-प्रदान करने तथा सर्वोतम कार्य प्रणाली को साझा करना हैं।
- इसका कार्य करने के लिए एक तंत्र के रूप में विकसित दोनो सेनाओं के मध्य अंतर संचालन क्षमता में वृद्धि करना तथा रक्षा सहयोग को सशक्त करना हैं।

**ऑस्ट्रा-हिंद युद्धाभ्यास 2023**

- भारत और ऑस्ट्रेलिय के मध्य
- इस युद्धाभ्यास का द्वितीय संस्करण
- 22 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित हुआ।
- यह युद्धाभ्यास 2022 से प्रारंभ हुआ, जिसका आयोजन-महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (राजस्थान) में किया गया तथा निश्चय किया गया कि यह वार्षिक युद्धाभ्यास वैकल्पिक रूप से दोनों देशों में आयोजित होगा।

**सूर्य किरण - युद्धाभ्यास XVII :-**

- भारत एवं नेपाल की सेनाओं के मध्य
- 17 वें संस्करण का आयोजन पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) मे किया गया
- यह एक वार्षिक युद्धाभ्यास है, जिसका आयोजन बारी-बारी से दोनो देशों में होता है।
- इसका प्रथम संस्करण 2011 में आयोजित किया गया।

**9वाँ राष्ट्रीय प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास**

- अयोजनकर्त्ता - भारतीय तटरक्षक बल
- अयोजन स्थल - वाडिनार (गुजरात)
- इस अभ्यास में केन्द्रीय और तटीय राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों, मंत्रालयों, बंदरगाहों, तेल प्रबंधन, ऐजेंसियों आदि ने भाग लिया।
- इसमें 31 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षको और 80 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- इसका उद्देश्य प्रदूषण संबंधित सभी आपात स्थितियों से निपटने हेतु तत्पर रहना है।

**15-B स्टेल्थ गाइडेड मिसाईल डिस्ट्रॉयर के तीसरे युद्ध पोत 12706 'इम्फाल' का अनावरण--**

- **उद्घाटन**-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिल्ली में किया गया।
- **निर्माता**-मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MLD)

**विशेषता -**

- 7400 टन वजनी तथा 164 मीटर लंबा यह जहाज अत्याधुनिक हथियार, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाईलों एंटीशिप मिसाइलों और टारपीडों से लैस हैं।
- इसकी गति 30 नॉटिकल मील/घंटा हैं।
- इसकी डिजाईन भारतीय नौसेना युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा की गई।

**इम्फाल :-**

- इसकी नींव 19 मई 2017 को रखी गई
- **परीक्षण प्रारंभ** - 28 अप्रैल 2013
- 20 अक्टूबर 2023 को इसे सेना को सौंपा गया।

❖❖❖❖❖

# 6 इंडेक्स एवं रिपोर्ट्स

## अंतर्राष्ट्रीय टी.बी.वैश्विक, रिपोर्ट-2023

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में सबसे अधिक (तपेदिक) (क्षय रोग) टीबी के मामले है (विश्व का 27 प्रतिशत)।
- भारत में 2.8 मिलियन (28.2 लाख) टीबी के मामले वर्ष 2022 में दर्ज किए (12 प्रतिशत मृत्यु दर)
- 192 देशों के आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में 7.5 मिलियन लोग टी.बी. से ग्रसित पाए गए।
- 2022 के आँकड़ों में 55% पुरुष, 33% महिलाएँ और 12%, 0-14 वर्ष की आयु के बच्चे।

### शीर्ष देश

1. भारत (27 प्रतिशत)
2. इंडोनेशिया (10 प्रतिशत)
3. चीन (7.1 प्रतिशत)
4. फिलीपींस (7.0 प्रतिशत)
5. पाकिस्तान (5.7 प्रतिशत)

## भारत में सड़क दुर्घटना रिपोर्ट -2022

- **केंद्र सरकार की भारत में सड़क दुर्घटनाएँ-2022** रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत गंभीर सड़क सुरक्षा संकट से जूझ रहा है।
- सड़क दुर्घटनाओं की संख्या वर्ष 2012 में 28.2% से बढ़कर वर्ष 2022 में 36.5% हो गई।
- वर्ष 2022 में 64,105 दुर्घटनाओं (13.9 प्रतिशत) के साथ तमिलनाडु में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज की गई, इसके बाद मध्य प्रदेश (54,432 यानी, 11.8 प्रतिशत) का स्थान रहा।
- भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 4.12 लाख से बढ़कर 4.6 लाख हो गई, जिसमें जान गवाने वालों की संख्या 1.53 लाख से बढ़कर 1.68 लाख हो गई।
- वर्ष 2022 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, देश में प्रतिदिन 1,264 दुर्घटनाएँ और 42 मृत्यु हुईं।

### सर्वाधिक मृत्यु दर वाले राज्य-

- उत्तर प्रदेश (13.4%)
- तमिलनाडु (10.6%)
- महाराष्ट्र (9%)
- वहीं राज्यों में तमिलनाडु में वर्ष 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज की गई।

### दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण

- तेज गति को प्रमुख कारण के रूप में पहचाना गया, जो आश्चर्यजनक रूप से 72.3% दुर्घटनाओं और 71.2% मृत्यु के लिए जिम्मेदार है।
- पीड़ितों का एक बड़ा हिस्सा 18-45 आयु वर्ग का है, जिसमें कुल मृत्यु का 66.5% शामिल है।
- सड़क दुर्घटनाओं में शामिल वाहन श्रेणियों में, दोपहिया वाहनों की लगातार दूसरे वर्ष, 2022 के दौरान कुल दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में सबसे अधिक हिस्सेदारी (44.5 प्रतिशत) रही।

## एडेलगिव हुरुन इंडिया परोपकार सूची-2023

- HCL TECH के संस्थापक शिव नादर और उनके परिवार ने एडेलगिव हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2023 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए, उन्होंने 2,042 करोड़ रुपये का दान दिया, लगातार यह पाँचवाँ वर्ष है जब नादर, ने इस विशिष्ट रैंक का दावा किया है।
- विप्रो के संस्थापक अध्यक्ष अजीम प्रेमजी और उनके परिवार ने 1,774 करोड़ रुपये की कमाई के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।
- प्रेमजी के परोपकारी योगदान में पिछले वर्ष की तुलना में 267% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।
- इस सूची में सबसे कम आयु के परोपकारी निखिल कामथ का नाम है, उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रू. 110 करोड़ का दान दिया।
- रोहिणी नीलेकणि 170 करोड़ रुपये के दान के साथ महिलाओं में शीर्ष पर हैं।

- 39 व्यक्तियों के साथ मुंबई भारत की परोपकारी राजधानी है, इसके बाद नई दिल्ली और बेंगलुरु हैं।
- भारत के कुल 14 लोगों ने रू. 100 करोड़ से अधिक का योगदान देकर अपनी असाधारण उदारता का प्रदर्शन किया।

**विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट-2022**

- **जारीकर्त्ता** – विश्व बौद्धिक संपदा संगठन
- **प्रथम स्थान** – चीन (1.58 मिलियन पेटेंट)
- **द्वितीय स्थान** – अमेरिका (505,539 पेटेंट)
- **तृतीय स्थान** – जापान (405,361 पेटेंट)
- रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेडमार्क और डिजाइन के लिए वैश्विक फाइलिंग में गिरावट के बावजूद, विश्व के इनोवेटर्स ने 2022 में 3.46 मिलियन पेटेंट आवेदन जमा किए, जो लगातार तीसरे वर्ष की वृद्धि है।
- भारत के निवासियों द्वारा पेटेंट आवेदनों में 2022 में 31.6% की वृद्धि हुई। 2022 में एशिया की वैश्विक पेटेंट फाइलिंग में 67.9%, ट्रेडमार्क अनुप्रयोगों में 67.8% और औद्योगिक डिजाइन फाइलिंग में 70.3% हिस्सेदारी थी।

**विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक (WIPI)**

The World Intellectual Property Organization (WIPO)

- **महानिदेशक**- डेरेन टैंग
- **मुख्यालय** – जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- **गठन** -1967
- **कार्य** – रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना एवं बौद्धिक संपदा संरक्षण को बढ़ावा देना ।

**100 सबसे प्रेरक और प्रभावशाली वीमेन सूची-2023**

- जारीकर्त्ता - BBC
- BBC 100 वीमेन में जलवायु संरक्षण पर काम करने वाली 28 महिलाओं को शामिल किया गया है।

**भारत**

- BBC 100 वीमेन 2023 जिसमें चार भारतीय महिलाएँ शामिल हैं-
- अभिनेत्री – दीया मिर्जा,
- क्रिकेटर – हरमनप्रीत कौर,
- फोटोग्राफर – आरती कुमारराव (किताब 'मार्जिन लैंड: इंडियाज लैंडस्केप्स ऑन द ब्रिंक')
- तिब्बती बौद्ध नन – जेत्सुनमा तेनजिन पाल्मो
- अभिनेत्री दीया मिर्जा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सद्भावना राजदूत के रूप में, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ हवा और वन्यजीव संरक्षण जैसे मुद्दों से जुड़े संदेशों को प्रचारित करती रही हैं।
- इस वर्ष हरमनप्रीत कौर, विजडन के पाँच क्रिकेटर्स ऑफ दि ईयर में अपना नाम दर्ज कराने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी थीं।
- 1940 के दशक में इंग्लैंड में पैदा हुई जेस्टूनमा तेनजिन पाल्मो ने किशोर उम्र में बौद्ध धर्म अपना लिया। 20 वर्ष की उम्र में उन्होंने भारत की यात्रा की और तिब्बती बौद्ध भिक्षुणी बनने वाली पश्चिम की पहली महिलाओं में शामिल हुईं।
- स्वतंत्रा फोटोग्राफर, लेखक और नेशनल ज्योग्राफिक एक्सप्लोरर आरती कुमारराव पूरे दक्षिण एशिया में काम करते हुए जलवायु आने वाले बदलावों का दस्तावेज तैयार करती हैं।

**राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 पर ADR की रिपोर्ट:-**

- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने 2023 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार करोड़पति उम्मीदवार

| सीटें | पार्टी | प्रतिशत | संख्या |
|---|---|---|---|
| 200 | BJP | 88% | 176 उम्मीदवार |
| 199 | कांग्रेस | 84% | 167 उम्मीदवार |
| 185 | BSP | 20% | 36 उम्मीदवार |
| 78 | RLP | 46% | 36 उम्मीदवार |
| 86 | AAP | 29% | 29 उम्मीदवार |
| 18 | CPI(M) | 28% | 5 उम्मीदवार |
| 17 | BTP | 6% | 1 उम्मीदवार |

- कुल उम्मीदवार – 1875
- आपराधिक मामले – 326
- गंभीर आपराधिक मामले – 236

**आपराधिक मामले –**

| | |
|---|---|
| CPI (M) | 67% |
| RLP | 31% |
| BJP | 21% |
| कांग्रेस | 17% |
| AAP | 17% |
| BTP | 6% |
| BSP | 4% |

- महिला अत्याचार मामले – 136 उम्मीदवार
- हत्या का प्रयास – 34 उम्मीदवार
- हत्या संबंधित मामले – 4 उम्मीदवार
- बलात्कार के मामले – 1 उम्मीदवार

- संवेदनशील विधानसभाएं - (45) इनमें 3 से अधिक उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले है।
- सर्वाधिक आपराधिक मामलों वाली विधानसभा सवाई माधोपुर - 7 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामलें।

**एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) :-**

- **स्थापना**–1999 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) अहमदाबाद के प्रोफेसरों के एक समूह द्वारा।
- **उद्देश्य**– देश की राजनीतिक और चुनावी प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेहिता बढ़ाना।

**विशेष कार्य** -

- चुनावी और राजनीतिक सुधारों के क्षेत्र में निरंतर काम करके शासन में सुधार और लोकतंत्र को मजबूत करना है।
- राजनीतिक प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और अपराधीकरण को रोकना।
- बेहतर और सूचित विकल्प के लिए उम्मीदवारों और पार्टियों से संबंधित जानकारी के अधिक प्रसार के माध्यम से मतदाताओं को सशक्त बनाना।
- राजनीतिक दलों की अधिक जवाबदेही की आवश्यकता।
- पार्टी के कामकाज में आंतरिक लोकतंत्र और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना।

❖❖❖❖❖

# 7 चर्चित स्थल

## चर्चित स्थान (राजस्थान)

**पिंड़वाडा (सिरोही) :-**

- श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु तराशें हुए पत्थरों को यहाँ से अयोध्या भेजा जा रहा है। 35600 टन के 1016 घन फीट पत्थरों को वहाँ भेजा जा रहा है।

**ट्यूरिस्ट डेस्टीनेशन उदयपुर :-**

- मेहमान नवाजी के लिए प्रसिद्ध उदयपुर शहर ट्यूरिस्टों का हब बना हुआ है। यहाँ के प्रसिद्ध स्थल है-

1. बटरफ्लाई पार्क (अंबेरी, उदयपुर) :- यह राज्य का प्रथम बटरफ्लाई पार्क है।
2. मेवाड़ जैव विविधता पार्क (अंबेरी, उदयपुर)
3. महात्मा गांधी स्मृति वन उद्यान (चीरवा घाटा, उदयपुर)
4. लवकुश वाटिका (रामपोल, उदयपुर)
5. बाहुबली हिल्स (बड़ी गांव, उदयपुर)

**पुष्कर (अजमेर) :-**

- पुष्कर में 14 से 27 नवम्बर तक पशु मेले का आयोजन हुआ, जिसमें देश-विदेश से पशुपालक पहुँचे।

**छातड़ी सराय (अजमेर) :-**

- छातड़ी गांव (अजमेर) में अवस्थित जीर्ण शीर्ण बहुमंजिला मुगलकालीन सराय का पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा जीर्णोद्धार कर नया स्वरूप दिया जा रहा है। इतिहासकारों के अनुसार मुगल सम्राट अकबर अजमेर आगमन के दौरान इस सराय में रूके थे।

**खाटूश्याम जी (नीमका थाना) :-**

- कार्तिक शुक्ल एकादशी जिसे देवऊठनी एकादशी भी कहा जाता है, को खाटू श्याम जी का विशाल जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया
- प्रशासन द्वारा 22 नवम्बर व 23 नवम्बर (जन्म दिवस) पर आतिशबाजी तथा डीजे लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया।

**आनासागर झील :-**

- NCC के 75 वर्ष पूरे होने पर देशभर में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में आनासागर झील (अजमेर) में भी NCC कैडेट्स द्वारा स्वच्छता संदेश दिया गया।

**बांसवाड़ा :-**

- यहाँ से 45 वर्षीय विशाल गुप्ता को फोन पे का सीईओ नियुक्त किया गया।
- कारगिल युद्ध की रजत जयंती उत्सव के तहत आयोजित कश्मीर से कन्याकुमारी तक 9500 किमी की हवाई यात्रा का प्रथम पड़ाव बासंवाड़ा में किया गया।

**झालरापाटन :-**

- पर्यटन विभाग के तत्वावधान में यहाँ राज्य स्तरीय चंद्रभागा पशुमेले का शुभारंभ किया गया।
- यहाँ तीन दिवसीय एडवेंचर स्पोर्ट्स लोगों को रोमांचित कर रहा है।

❖❖❖❖❖

# 8 चर्चित व्यक्तित्व

**शीतल महाजन : प्रसिद्ध भारतीय स्काइडाइवर**

**चर्चा में क्यों ? -**

- शीतल महाजन माउंट एवरेस्ट के सामने 21,500 फीट की ऊँचाई से हेलीकॉप्टर से छलांग लगाने वाली विश्व की पहली महिला बनी एक नई उपलब्धि हासिल की है।
- वह कालापत्थर में माउंट एवरेस्ट के सामने स्काइडाइविंग करने वाली पहली भारतीय महिला बनी और यह एक महिला द्वारा की गई सबसे अधिक ऊँचाई वाली स्काईडाइविंग लैंडिंग थी।
- शीतल महाजन -एक प्रसिद्ध भारतीय स्काइडाइवर हैं, उन्हें वर्ष 2001 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

**दिव्यकृति सिंह :-**

- चर्चा में रहने का कारण - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव-2023 के लिए दिव्यकृति सिंह को स्टेट इलेक्शन आइकन बनाया गया है।
- कारण - राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए
- पीह गाँव नागौर जिले से है।
- वर्तमान में ये जयपुर में निवास करती हैं।
- घुड़सवारी (Horse Riding) में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता।

**डॉ. पूनमचंद जोशी :-**

- आत्मनिर्भर भारत निर्माण रत्न अवॉर्ड-2023 के लिए चयन।
- सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ कस्बे के शिक्षाविद्
- आत्मनिर्भर भारत निर्माण रत्न अवॉर्ड-2023 के लिए चयन किया गया है।
- इन्हें 2018 में शिक्षा के क्षेत्र में एशिया महाद्वीप में उल्लेखनीय व बेहतरीन सेवाओं के लिए एशिया महाद्वीप के प्रतिष्ठित पुरस्कार 'प्राइड ऑफ एशिया इंटरनेशनल अवॉर्ड' (Pride of Asia International Award) से सम्मानित किया जा चुका है।

**पणिक्कर सोमनाथ:-**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष
- **पुस्तक-'निलावु कुदिचा सिम्हांगल' (आत्मकथा), (मलयालम)**
- अनुवाद-चांदनी की रोशनी पीने वाले शेर

**श्वेता मेहता मोदी :-**

- राजस्थान से श्वेता मेहता मोदी को भारत की 100 प्रभावशाली महिलाओं (Influential Women) में शामिल किया गया है।
- इनका संबंध जयपुर से है।
- ये मिसेज इण्डिया का टाइटल जीत चुकी है।
- ये लड़कियों और ऑटिज्म (Autism) से पीड़ित बच्चों के लिए कार्य कर रही है।

❖❖❖❖❖

# 9 खेल

**हॉल ऑफ फेम**

- ICC ने अरविंद डीसिल्वा, डायना एडुल्जी और वीरेंद्र सहवाग को खेलों में इनके लंबे इतिहास को देखते हुए हॉल ऑफ फेम में 110, 111 और 112वें स्थान पर जगह दी है।
- 15 नवंबर, 2023 को मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट विश्व कप के पहले सेमीफाइनल के दौरान एक विशेष समारोह में इन्हें हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउटः-**

- 06 नवंबर, 2023 को ICC क्रिकेट विश्व कप 2023 के एक मैच में नई दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज टाइम आउट होने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के पहले खिलाड़ी बने।
- श्रीलंकाई बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा के आउट होने के बाद एंजेलो मैथ्यूज अगले खिलाड़ी थे, लेकिन उनके हेलमेट के स्ट्रैप में कुछ समस्या थी और उन्होंने स्ट्राइक लेने में देर कर दी।
- बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन की अपील के बाद अंततः उन्हें टाइम आउट करार दिया गया।

**टाइम आउट -**

- एक विधि के रूप में वर्ष 1980 के कोड में कानूनों में जोड़ा गया था।
- वर्ष 2000 में इसे संशोधित कर 3 मिनट कर दिया गया था।
- हालांकि इस विश्व कप में खेलने की स्थिति के अनुसार आने वाले बल्लेबाज को केवल 2 मिनट का समय मिलता है।

**ICC क्रिकेट विश्व कप-2023:.**

- **आयोजन तिथि**- 05 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023
- **आयोजनकर्ता देश**- भारत
- **संस्करण** 13वाँ
- **कुल टीम**- 10
- **शुभंकर (MasCot)** -क्रिक्टोवर्स 'ब्लेज' एक महिला शुभंकर है, जो तेज गेंदबाजी करती है। 'टोंक' नर शुभंकर है, जिसका अर्थ शांत स्वभाव उसे बल्लेबाजी का चैंपियन है।)
- वैश्विक एंबेसडर - सचिन तेंदुलकर
- **विजेता**-ऑस्ट्रेलिया (कप्तान पैट कमिंस)
- **उपविजेता**-भारत (कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़)
- 19 नवम्बर, 2023 को 08वीं बार फाइनल खेल रहीं ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता है।
- अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान भारत को छह विकेट से पराजित किया।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

- **आयोजन**- 16 अक्टूबर से 06 नवंबर 2023
- **आयोजन स्थल**-मोहाली, पंजाब के बिंद्रा स्टेडियम में।
- **विजेता**- पंजाब।
- **उपविजेता**- बड़ौदा
- **फाइनल मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**-अनमोलप्रीत सिंह
- शृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी- अभिषेक शर्मा (485 रन और 2 विकेट)
- पिछला संस्करण मुंबई ने जीता था।

**ICC ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को किया निलंबितः-**

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) ने श्रीलंका क्रिकेट की सदस्यता को सरकारी हस्तक्षेप के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
- ICC बोर्ड ने बैठक की और निर्णय लिया कि श्रीलंका क्रिकेट एक सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का गंभीर उल्लंघन कर रहा है।
- इस साल के विश्व कप में देश के खराब प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने एसएलसी के बोर्ड

को बर्खास्त कर दिया और उसकी जगह एक अंतरिम समिति बना दी, लेकिन श्रीलंका की अपील अदालत ने बर्खास्तगी पर रोक लगा दी।

**7th महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी-2023**

- आयोजन - 27 अक्टूबर से 05 नवंबर, 2023
- आयोजन स्थल - रांची, झारखंड
- विजेता - भारतीय महिला हॉकी टीम
- उपविजेता - जापान
- शुभंकर (MosCot) -'जूही' (बेतला नेशनल पार्क में प्यारे हाथी से प्रेरित है)
- झारखंड में रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुए फाइनल मैच में मेजबान भारत ने पूर्व विजेता को 4-0 से पराजित किया।
- झारखंड की सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।
- पिछला संस्करण 2021 में दक्षिण कोरिया के डोंघे में आयोजित किया गया था।

**एशियाई पैरा गेम्स 2023 :-**

- **आयोजन स्थल**- हांगझोऊ, चीन
- **आयोजन**- 22 से 28 अक्टूबर, 2023
- ध्वजवाहक (Flag Bearer) -पारूल परमार (पैरा शटलर), अमित सरोहा (पैरा-क्लब थ्रोअर)
- **रैंक**- भारत ने 05वाँ स्थान प्राप्त किया
- भारत ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य पदक प्राप्त किए।
- **पिछला संस्करण** - इंडोनेशिया (2018)
- **आगामी संस्करण**-18 से 26 अक्टूबर 2026 (नागोया, जापान)
- **प्रथम स्थान**- चीन (214 स्वर्ण, 167 रजत और 140 कांस्य पदक)
- **द्वितीय स्थान**- ईरान (44 स्वर्ण, 46 रजत और 41 कांस्य पदक)
- **तृतीय स्थान**-जापान (42 स्वर्ण सहित कुल 150 पदक)

**37वें राष्ट्रीय खेल :.**

- आयोजन - 09 नवंबर, 2023
- आयोजन स्थल - श्यामाप्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम, गोवा
- आगामी संस्करण - उत्तराखण्ड।
- आदर्श वाक्य (Moto) -'गेट सेट गोवा'
- शुभंकर (MosCot) -'मोगा'
- **पदक तालिका**-महाराष्ट्र (80 स्वर्ण, 69 रजत और 79 कांस्य)
- **प्रथम स्थान**-महाराष्ट्र (80 स्वर्ण, 69 रजत और 79 कांस्य)
- **द्वितीय स्थान**- सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (66 स्वर्ण सहित कुल 126 पदक)
- **तृतीय स्थान**- हरियाणा (62 स्वर्ण सहित कुल 192 पदक)
- राष्ट्रीय खेल पहली बार 1924 में अविभाजित भारत के लाहौर में आयोजित किए गए
- 1938 तक इन्हें भारतीय ओलंपिक खेलों के रूप में जाना जाता था।
- **सर्वश्रेष्ठ पुरूष एथलीट का अवॉर्ड**-श्री हरि नटराजन - तैराक (कर्नाटक)
- **सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का अवॉर्ड**- प्रसेन काले और प्रणति नायक - जिम्नास्ट (उड़ीसा)।
- 37वें राष्ट्रीय खेलों में नए खेलों को शामिल किया गया, जिनमें बीच फुटबॉल, रोल बॉल, गोल्फ, सेपकटकरा, स्क्वे मार्शल आर्ट, कलियारापट्टू और पेनकक सिलाट शामिल हैं।

**26वाँ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप :-**

- आयोजन - 05-24 नवंबर, 2023
- आयोजन स्थल - दोहा, कतर।
- विजेता - पंकज आडवाणी, बेंगलुरु
- उपविजेता - सौरव कोठारी
- 21 नवंबर, 2023 को बेंगलुरु के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने कतर के दोहा में हमवतन सौरव कोठारी को 1000-416 के स्कोर के साथ हराकर यह खिताब जीता है।
- वर्ष 2003 में अपना पहला विश्व खिताब हासिल करने वाले पंकज आडवाणी ने नौवीं बार 'लॉन्ग फॉर्मेट' और आठवीं बार 'प्वाइंट फॉर्मेट' चैंपियनशिप जीती।
- वे ग्रांड डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।
- पंकज को एशियन गेम्स 2010 में गोल्ड मेडल मिला था।
- इससे पहले 2006 एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीत चुके हैं।
- बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों प्रारूप में विश्व खिताब जीतने वाले विश्व स्तर पर एकमात्र खिलाड़ी है।

❖❖❖❖❖

# 10 पुरस्कार/पुस्तकें/नियुक्तियाँ

**RBI के नए कार्यकारी निदेशक नियुक्ति :-**

- 01 नवंबर, 2023 से भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मनोरंजन मिश्रा को कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया है।
- इससे पहले मिश्रा विनियमन विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत रहे।
- कार्यकारी निदेशक के रूप में मिश्रा तीन विभागों-प्रवर्तन, जोखिम निगरानी और बाहरी निवेश और संचालन की देखभाल करेंगे।

**भारत के मुख्य सूचना आयुक्त :-**

- 06 नवंबर, 2023 को हीरालाल सामरिया ने मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ ली।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।
- समारिया वर्तमान में केंद्रीय सूचना आयोग में सूचना आयुक्त का कार्यभार संभाल रहे थे।
- वाई. के. सिन्हा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से पद खाली पड़ा था।

**केंद्रीय सूचना आयोग (CIC)**

- CIC की स्थापना सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) के प्रावधानों के तहत वर्ष 2005 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी।
- यह कोई संवैधानिक निकाय नहीं है।
- इस आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त और अधिकतम दस सूचना आयुक्त होते हैं।
- उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है
- जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं। वे पुनर्नियुक्ति के पात्र नहीं हैं।

**SPG के नए निदेशक नियुक्त :-**

- वरिष्ठ IPS अधिकारी आलोक शर्मा को स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) का निदेशक नियुक्त किया गया, जिसे प्रधानमंत्री को सुरक्षा प्रदान करने का काम सौंपा गया है।
- 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारी आलोक शर्मा वर्तमान में SPG में अतिरिक्त महानिदेशक हैं।
- 06 सितंबर को SPG प्रमुख अरुण कुमार सिन्हा के निधन के बाद यह पद रिक्ति हो गया थी।

**स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG)**

- **गठनः**- 2 जून 1988
- **मुख्यालय :**- नई दिल्ली
- SPG भारत के प्रधानमंत्री और उनके परिवार तथा पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।
- यह केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अन्तर्गत काम करती है।

**फिक्की के नए अध्यक्ष नियुक्त :-**

- फिक्की ने अपने निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में अनीश शाह को नियुक्त किया है।
- अनीश शाह फिक्की के अध्यक्ष के रूप में सुभ्रकांत पांडा की जगह लेंगे।
- वर्तमान में फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत, अनीश शाह महिंद्रा समूह के समूह सीईओ और समूह की मूल कंपनी एम एंड एम के प्रबंध निदेशक है।

**फिक्की क्या है?**

- यह भारत का सबसे बड़ा और पुराना उद्योग संघ है।
- **इसकी स्थापना**-1927 में महात्मा गांधी की सलाह पर श्री घनश्यामदास बिड़ला और पुरूषोत्तमदास ठाकुरदास द्वारा की गई।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

**वैश्विक शिक्षक पुरस्कार- 2023**

- **कारण**- शिक्षा के प्रति समर्पण और जुनून के लिए
- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार, यूनेस्को और दुबई केयर्स के सहयोग से यूके स्थित वर्की फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
- पाकिस्तानी शिक्षिका सिस्टर जेफ को प्रतिष्ठित वर्की फाउंडेशन ग्लोबल टीचर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है।

**वर्की फाउंडेशन**

- **स्थापना** - 2013 (ब्रिटेन)
- **अध्यक्ष** - सनी वर्की
- वैश्विक शिक्षक पुरस्कार उन शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए है जो अनिवार्य स्कूली शिक्षा या 05 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को सक्रिय रूप से पढ़ा रहे हैं।

**वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर-**

- इस पुरस्कार को 'फोटोग्राफी के ऑस्कर' के रूप में जाना जाता है।
- कर्नाटक के बेंगलुरु के 10 वर्षीय प्रतिभाशाली विहान तल्या विकास ने लंदन आयोजित '10 वर्ष और उससे कम श्रेणी के प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर (WPY) प्रतियोगिता में शीर्ष पुरस्कार जीता है।
- विहान की विजेता तस्वीर में उसके शहर के बाहरी इलाके में स्थित भगवान कृष्ण की मूर्ति के साथ एक मकड़ी को दिलचस्प स्थिति में दिखाया गया है। यह छवि न केवल आकर्षक है बल्कि विचारोत्तेजक भी है।



**वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर**

- एक वार्षिक वैश्विक वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता है जो लंदन, इंग्लैंड में प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय में आयोजित की जाती है।
- 17 वर्ष और उससे कम आयु के युवा फोटोग्राफर को 'द यंग वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर' की उपाधि और 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवा को 'द वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर' का प्रतिष्ठित खिताब दिया जाता है।

**आजादी का अमृत महोत्सव पुरस्कार :-**

- नरेंद्र मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' और 'मेरी माटी मेरा देश' योजना में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के साथ- साथ मंत्रालयों या विभागों को आजादी का अमृत महोत्सव पुरस्कार प्रदान किए।

**शीर्ष 3 प्रदर्शन करने वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश-**

- प्रथम स्थान -जम्मू और कश्मीर
- द्वितीय स्थान -गुजरात
- तृतीय स्थान -हरियाणा और राजस्थान

**शीर्ष 3 प्रदर्शन करने वाले मंत्रालय :-**

- प्रथम स्थान -विदेश मंत्रालय
- द्वितीय स्थान - रक्षा मंत्रालय
- तृतीय स्थान -रेल मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय
- 12 मार्च, 2021 को आजादी का अमृत महोत्सव की शुरुआत की गयी, जो कि महात्मा गाँधी की दांडी यात्रा से प्रेरित थी, प्रधानमंत्री ने 31 अक्टूबर, 2023 को सरदार पटेल की जयंती पर आजादी का अमृत महोत्सव का समापन किया।

**काका हाथरसी पुरस्कार :-**

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित समारोह में कवि शैलेश लोढ़ा को '48वां काका हाथरसी हास्य रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **प्रारंभ**- 1976
- **पुरस्कार**- शॉल, एक लाख नगद एवं श्रीफल।

**चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार-2023 :-**

- **प्रदाता**- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
- संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान, 2023 चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार के 05 विजेताओं की घोषणा की है।
- चैंपियंस ऑफ द अर्थ #BeatPlasticPollution के लिए नवाचारों, समाधानों, कार्यों और पहलों को सम्मानित किया है।

**प्रमुख विजेता- 2023**

- **जोसेफिना बेलमोंटे** - क्वेजोन सिटी मेयर, फिलीपींस
- फंडाको एलेन मैकार्थर - पुर्तगाल
- ब्लू सर्कल - चीनी कंपनी
- जोस मैनुअल मोलर- स्पेन
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, दक्षिण अफ्रीका

**चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार**

- वर्ष 2005 से ऐसे नायकों को मान्यता दी है, जो अपने पर्यावरण संबंधित कार्यों से दूसरों को प्रेरित करते हैं तथा अपने साथ शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।


- चैंपियंस ऑफ द अर्थ को चार श्रेणियों में मनाया जाता है: नीति नेतृत्व, प्रेरणा व कार्रवाई, उद्यमशील दृष्टि और विज्ञान और नवाचार ।

**इंदिरा गाँधी शांति पुरस्कार 2022 :-**

- 19 नवंबर, 2023 को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी पुरस्कार संयुक्त रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) और भारतीय प्रशिक्षित नर्स एसोसिएशन को प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए दिया जाता है।
- पुरस्कार समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने आईएमए के अध्यक्ष डॉ. शरद कुमार अग्रवाल और भारतीय प्रशिक्षित नर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) रॉय के. जॉर्ज को यह सम्मान प्रदान किया।
- इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार वर्ष 1986 से प्रत्येक वर्ष इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जो कि एक गैर सरकारी संस्थान है परन्तु इसे सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त होता है।
- इसमें एक प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख का मौद्रिक पुरस्कार शामिल है।

**72वीं मिस यूनिवर्स 2023 :-**

- **कहाँ**– जोस एडोल्फो पिडा एरिना, अल साल्वाडोर
- **पुरस्कृत**–शेन्निस अलोंद्रा पलासियोस कॉर्नेजा (निकारागुआ)
- 23 वर्षीय टीवी होस्ट और मॉडल शेन्निस पलासियोस ताज पहनने वाली पहली निकारागुआन महिला बनकर इतिहास रचा है।
- इससे पहले शेन्निस ने मिस टीन निकारागुआ 2016 और मिस वर्ल्ड निकारागुआ 2020 जीता था।
- थाईलैंड की एन्टोनिया पोर्लिंड ने प्रथम उपविजेता का स्थान सम्मानजनक अर्जित किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया की मोरया विल्सन को दूसरे उपविजेता का ताज पहनाया गया।




- आज तक तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता, जिसमें 1994 में सुष्मिता सेन, 2000 में लारा दत्ता और 2022 में हरनाज संधू ने खिताब जीता।
- 22 वर्ष की रिक्की कोले, मिस नीदरलैंड ने 72वें मिस यूनिवर्स में पहली ट्रांसवुमेन प्रतियोगी के रूप में ऐतिहासिक समावेश को चिह्नित किया।
- नेपाल की दीपिका गैरेट मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली पहली प्लस साइज मॉडल बनी।

**अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार 2023 :-**

- **आयोजन स्थल**– न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन
- **विजेता सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी श्रेणी**– कॉमेडियन वीर दास (वीर दास : लैंडिंग)
- वीर दास यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय हैं।
- उन्होंने ब्रिटिश सीरीज डेरी गर्ल्स सीजन 3 के साथ पुरस्कार साझा किया।
- **निर्माता, फिल्म निर्माता और बालाजी टेलीफिल्म्स की सह**–संस्थापक एकता कपूर को निर्देशक पुरस्कार मिला।
- **इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स से अलग हैं**– सबसे चर्चित पुरस्कार कार्यक्रमों में से एक और आमतौर पर इसे 'द एम्मीज' कहा जाता है।
- एमी पुरस्कार टेलीविजन और उभरते मीडिया प्रदर्शनों को दिए जाने वाले सबसे प्रसिद्ध पुरस्कार हैं।
- ऑस्कर और गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों के विपरीत, ये फिल्मों के लिए नहीं दिए जाते।
- एमी पुरस्कारों की कल्पना 1948 में की गई थी।

**एम्मीज निम्नलिखित श्रेणियों में भी दिए जाते हैं:-**

- खेल, समाचार और वृत्तचित्र, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग।

**ये पुरस्कार यू.एस. आधारित तीन सहयोगी संगठनों द्वारा दिए जाते हैं–**

- टेलीविजन अकादमी, राष्ट्रीय टेलीविजन कला एवं विज्ञान अकादमी और इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज।

**'बैलन डी' ओर (Balon D'or) :-**

- **आयोजन** :– पेरिस (paris)
- **विजेता**:– लियोनेल मेसी (Lionel Messi) (8th time) (पुरुष), (अर्जेनटीना) (Argentina)
- ऐताना बोनमती (स्पेन) (Spain)
- **मेन्स क्लब ऑफ द ईयर**– मैनचेस्टर सिटी (Manchester city)

- वूमेन्स क्लब ऑफ द ईयर-एफसी बार्सिलोना (FC Barcelona)

**राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2023 :-**

- **आयोजन स्थल-** पशु चिकित्सा कॉलेज ग्राउंड, गुवाहाटी (असम)
- 26 नवंबर, 2023 को केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2023 प्रदान किए हैं।
- पशुपालन और डेयरी विभाग ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस उत्सव 2023 के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2023 का आयोजन किया है।
- राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी पशुओं को पालने वाले किसानों, एआई तकनीशियनों और डेयरी सहकारी समितियों/दूध उत्पादक कंपनी / डेयरी किसान उत्पादक संगठनों जैसे सभी व्यक्तियों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है।

**श्रेणियाँ और विजेताओं के नाम :-**

**सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान स्वदेशी गाय/भैंस नस्ल का पालन करने वाला**

- प्रथम- श्री राम सिंह, करनाल (हरियाणा)

**सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/दुग्ध उत्पादक कंपनी/ डेयरी किसान**

**उत्पादक संगठन**

- पहला- पुलपल्ली क्षीरोलपदका सहकारण संगम डी लिमिटेड, वायनाड (केरल)

**सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी)**

- प्रथम- श्री सुमन कुमार साह, अररिया, बिहार,

**मिस यूनिवर्सल ग्रैंड इंडिया-2023 :-**

- 'मिस यूनिवर्सल ग्रैंड इंडिया-2023' का खिताब उदयपुर की विप्रा मेहता ने जीता है।
- यह प्रतियोगिता बेंगलुरू में आयोजित की गयी।
- मिस यूनिवर्सल ग्रैंड विश्व की शीर्ष 10 सुन्दरी प्रतियोगिताओं में से एक है।

**धीरेन्द्र चौधरी**

- राजस्थान बॉक्सिंग संघ का अध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी को बनाया गया है।

**''अमोल मजूमदार'' भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच :-**

- BCCI ने पूर्व घरेलू खिलाड़ी और कप्तान अमोल मजूमदार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।
- उन्होंने रमेश पोवार का स्थान लिया, जो दिसंबर, 2022 में पद से हट गए

**अणुव्रत लेखक पुरस्कार :-**

- **प्राप्तकर्त्ता-** इकराम राजस्थानी
- **प्रदाता-** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी
- **योग्यता-** राष्ट्रहित में अद्वितीय योगदान निभाने वाले गीतकार, शायर व साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करने वाले।
- इन्हें अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिह्न व 51 हजार की मानद राशि भेंट की गयी।

**इकराम राजस्थानी -**

- पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के अध्यक्ष।
- वरिष्ठ साहित्यकार इकराम राजस्थानी को अणुव्रत लेखक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**डॉ. मधुकर गुप्ता :-**

- ''चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर'' पुरस्कार से सम्मानित।
- लिस्बन (पुर्तगाल) में आयोजित 19 वें अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मामलों पर कान्फ्रेस और पुरस्कार समारोह के आयोजन में सम्मानित किया गया।

**कर्नल सुनिताः-**

- सेना मेडिकल कोर की अधिकारी सशस्त्र सेना रक्त संचार केन्द्र (दिल्ली कैंट) की प्रथम महिला कमांडिंग ऑफिसर बनी। इससे पूर्व वो अरुणाचल प्रदेश फील्ड हॉस्पिटल में कमांडिंग ऑफिसर थी।

❖❖❖❖❖

# 11 निधन

## सलीम-उल-हक

- बांग्लादेश के एक अग्रणी जलवायु वैज्ञानिक
- 71 वर्ष की उम्र में बांग्लादेश में निधन हो गया।
- सलीम-उल-हक का जन्म 02 अक्टूबर, 1952 को कराची, पाकिस्तान में हुआ।
- इन्हें विश्व में गरीब देशों पर बढ़ते तापमान के प्रभावों को समझने, भुगतान करने और अनुकूलन करने के लिए प्रेरित करने के लिए 'जलवायु क्रांतिकारी' उपनाम मिला।
- ये इंग्लैंड और बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर रहे।
- उनके प्रयासों के लिए महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने उन्हें वर्ष 2022 में ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित किया।
- मानव निर्मित ग्लोबल वॉर्मिंग के बारे में जागरूकता पर उनके काम के लिए इन्होंने पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति अल गोर के साथ वर्ष 2007 का नोबेल शांति पुरस्कार साझा किया था।

## मीरा साहिब फातिमा बीबी

- 23 नवंबर, 2023 को भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली पूर्व महिला न्यायाधीश और तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति मीरा साहिब फातिमा बीबी का 96 वर्ष की उम्र में केरल के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।
- जस्टिस बीवी भारत के सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला थीं।
- 
- वह देश की उच्च न्यायपालिका में नियुक्त होने वाली पहली मुस्लिम महिला भी थीं।
- किसी एशियाई देश में सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला बनीं।
- उन्होंने 1989 में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचा।

## निर्मला दीदी

- 27 अक्टूबर 2023 को ब्रह्माकुमारीज संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका (Joint Chief Administrator)डॉ. निर्मला दीदी का निधन हो गया है।
- मुंबई के प्रसिद्ध व्यापारी परिवार में वर्ष 1935 में जन्मी डॉ. निर्मला दीदी बचपन से ही आध्यात्म मुखी रहीं थी ।

❖❖❖❖❖

# प्रमुख दिवस एवं सप्ताह

| दिन | नाम |
|---|---|
| 01 नवम्बर | कर्नाटक जन्मोत्सव |
| 05 नवम्बर | विश्व सुनामी जागरूकता दिवस |
| 07 नवम्बर | राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस |
| 07 नवम्बर | सी.वी. रमन जयंती |
| 08 नवम्बर | गुरूनानक जयंती |
| 09 नवम्बर | राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस |
| 10 नवम्बर | शांति व विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस |
| 11 नवम्बर | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस |
| 12 नवम्बर | विश्व निमोनिया दिवस |
| 14 नवम्बर | बाल दिवस (जवाहर लाल नेहरू जयंती) |
| 16 नवम्बर | अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस |
| 17 नवम्बर | अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस |
| 19 नवम्बर | विश्व शौचालय दिवस |
| 20 नवम्बर | विश्व बाल दिवस |
| 25 नवम्बर | अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस |
| 26 नवम्बर | संविधान दिवस |

**जनजातीय गौरव दिवस :-**

- 15 नवंबर, 2023- भगवान बिरसा मुंडा की जयंती
- 15 नवंबर, 2023 -झारखंड का 23वां स्थापना दिवस।
- बिरसा मुंडा जन्म स्थल-उलिहातू, खूंटी(झारखंड)

**विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन (Particularly vulnerably tribul groups-PVTGS) :-**

- 175 समूह, 220 जिले, 22544 Villages, 28 lakh population
- 24,000 करोड़ की योजना, PM-JAY (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना), स्किल सेल उन्मूलन, TB उन्मूलन, 100% टीकारण, PM मातृ वंदन योजना, PM पोषण (PM-POSHAN), PM जन-धन।

**विश्व शहर दिवस:- 31 अक्टूबर प्रतिवर्ष (अक्टूबर के पहले सोमवार से 31 अक्टूबर तक)**

- **2023 थीम:-** ''सभी के लिए सतत शहरी भविष्य का वित्तपोषण'' (Better city, Better life)
- **मेजबान:**-इस्तांबुल, तुर्किये (उस्कुदर नगर पालिका)
- **महत्वपूर्ण तथ्य:**-संयुक्त राष्ट्र सभा ने 27 दिसंबर, 2023 को अंतराष्ट्रीय विश्व दिवस की स्थापना की अथवा पहला समारोह 31 Oct, 2014

**भारत में प्रमुख शहरी विकास मिशन:-**

(i) कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत-AMRUT)

(ii) प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)-सभी के लिए आवास (शहरी)

(iii) स्मार्ट सिटी मिशन (SCM)

(iv) स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

(v) विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना (हृदय) (Heritage city development and Augmatation Yojana)

(vi) दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NLUM)

❖❖❖❖❖

# जिस्ट : कुरूक्षेत्र (नवंबर, 2023)

## पीएम विश्वकर्मा योजनाः- कारीगरों का सशक्तीकरण

- एक आशाजनक युग तथा परम्परा और आधुनिकता के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण के प्रतीक के रूप में प्रारंभ इस योजना का उद्देश्य भारतीय ग्रामीण परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को उत्कृष्ट बनाना है।

**विश्वकर्मा से तात्पर्यः-**

- ब्रह्मा जी के मानस पुत्र व शिल्प विज्ञान के प्रणेता के रूप में विश्वकर्मा जी को जाना जाता है। वर्तमान संदर्भ में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को 'विश्वकर्मा' कहा जाता है, जो कि अनौपचारिक व असंगठित क्षेत्र का हिस्सा माने जाते है।

**योजना का उद्देश्यः-**

- 17 सितम्बर 2023 (विश्वकर्मा जयंती) पर प्रधानमंत्री द्वारा यशोभूमि (दिल्ली) से भारतीय कारीगरों और शिल्पकारों के सशक्तिकरण हेतु यह योजना प्रारंभ की गई, जिसमें 13000 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया।

**लाभः-**

1. हस्तशिल्प कारीगरों को अनुकूल व सुरक्षित वातावरण प्राप्त हुआ।
2. आधुनिक उपकरणों, प्रौद्योगिकी और बाजारों तक सरल पहुँच बनी।
3. संस्थागत डिजीटलीकरण में शामिल।
4. **इसके लाभ 6 स्तरों के माध्यम से मिल रहे है-**
   - a) **मान्यता**- इसमें आई.डी. एवं प्रमाण-पत्र मिलता है-
   - b) **कौशल उन्नयन**- इसमें 5 से 7 दिन का बुनियादी प्रशिक्षण, 15 दिन या अधिक का उन्नत प्रशिक्षण मिलगा।
   - c) **टूलकिट प्रोत्साहन**-ई-वाऊचर के माध्यम से 15000 रूपये तक का टूलकिट प्रोत्साहन मिलता है।
   - d) **ऋण सहायताः**- दो किश्तों में तीन लाख रूपये बिना कोलेटरल (जमानत) के 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करती है।
   - e) डिजीटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन
   - f) विपणन सहायता

**पंजीकरणः-**

- पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जाता है।
- इसमें सत्यापन के तीन चरण होते है- पंचायत / ULB, जिला और राज्य स्तर।
- सत्यापन के बाद प्रमाण पत्र व आई.डी. प्रदान की जाती है, जिसमें लाभ प्राप्त होना प्रारंभ हो सकें।

**पात्रताः-**

1. आयु 18 वर्ष या अधिक हों।
2. प्रत्येक परिवार से अधिकतम एक सदस्य।
3. "18 परिवार आधारित हस्तशिल्प पारंपरिक व्यवसायों" में से किसी एक में संलग्न हो।
4. केन्द्र या राज्य सरकार की इससे संबंधित किसी अन्य योजना का लाभ (ऋण) ना लिया हो।

**निष्कर्षः-**

- पीएम विश्वकर्मा योजना शिल्पकारों व कारीगरों को प्रोत्साहन व सहयोग प्रदान कर उनमें उद्यमशीलता का विकास कर रही हैं तथा उन्हें सक्षम बनाकर उनकी कला को वैश्विक पटल पर लाने में सहायता कर रही हैं, जो उनके व राष्ट्र के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

## शिक्षा में प्रौद्योगिकी और नवाचार का समावेशन

- विकसित भारत संकल्पना 2047 को साकारित करने तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास हेतु शिक्षा को तकनीकी रूप से उन्नत करने हेतु अत्याधिक आवश्यक कदम है।
- **इस संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020** है जो नवाचार और तकनीकी के मणिकांचन संयोग पर जोर देती है।

**शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरणः-**

1. **राष्टीय डिजीटल शिक्षा वास्तुकला NDEAR :-** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु जुलाई 2021 में स्कूली शिक्षा के बुनियादी ढांचे का डिजीटलीकरण करने हेतु इसे लांच किया गया।

इसके तहत लाईव क्लास, डिजीटल पाठ्यक्रम, चेटबॉट इत्यादि कार्य शामिल है।

2. **दीक्षा पोर्टल:**-शिक्षा मंत्रालय द्वारा शिक्षकों की ऑनलाईन पाठ्य सामग्रियों तक पहुँच बढाने हेतु यह पोर्टल लांच किया गया।

3. **विद्या समीक्षा केन्द्र :**- छात्रों के नामांकन, सीखने के स्तर में वृद्धि, मुख्यधारा में लाने, पाठ्यपुस्तक वितरण एवं शिक्षक तथा स्कूलों की सहायता आदि पर निगरानी हेतु केन्द्र तथा राज्य दोनों स्तरों पर इन्हें स्थापित किया गया है।

4. **स्वयम् ( SWAYAM) :**- यह एक राष्ट्रीय ऑनलाईन शिक्षण मंच है, जो शिक्षकों के लिए मुफ्त पाठ्यक्रम प्रदान करता हैं। यह देश का MOOC प्लेटफॉर्म है, जो विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट ट्रांसफर प्रदान करता है।
   यह NIOS तथा NCERT के पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय समन्वयक है।

5. **राष्ट्रीय डिजीटल पुस्तकालय NDL :**- यह शिक्षा मंत्रालय की शैक्षिक सामग्री और संसाधनों का एक डिजीटल भण्डार है। यह एक नि:शुल्क ओपन प्लेटफॉम है, जो शिक्षकों को डिजीटल शिक्षा प्रदान करने में सहायता करता है।

**भविष्य के प्रयास:-**

I. इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक करना।
II. डिजीटल साक्षरता कार्यक्रमों को लागू करना।
III. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व CSR द्वारा शिक्षा के संस्थागत ढांचे में निवेश प्रोत्साहित करना।
IV. डिजीटल शिक्षा को बढावा देना।
V. शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
VI. समस्त तत्वों की उचित निगरानी एवं मूल्यांकन करना।

**निष्कर्ष:-**

- शिक्षा के ज्ञान सृजन एवं नवाचार के आधार में वृद्धि एवं निचले स्तर तक उसकी पहुँच बढ़ाने, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था तथा राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक कल्याण करने के हेतु विकसित भारत मिशन - 2047 को प्राप्त करने का सपना साकारित करेगी।

## सूक्ष्म उद्यमिता को प्रोत्साहन

- **सूक्ष्म उद्यम:**- वे उद्यम जिनके निवेश 1 करोड़ रूपये से अधिक ना हो तथा वार्षिक टर्नओवर 5 करोड़ से अधिक ना हो, सूक्ष्म उद्यम कहलाते है।

**भारतीय परिदृश्य में सूक्ष्म उद्यम की आवश्यकता:-**

- सूक्ष्म उद्योगों के स्थापित होने की दर यदि तीव्र होती है तो ये ग्रामीण भारत की अधिकांश समस्याओं यथा - बेरोजगारी, निम्न घरेलु आय, प्रवासन दर, उद्यमशीलता इत्यादि को दूर कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मध्य आर्थिक - सामाजिक अंतराल को पाटने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

**सूक्ष्म उद्यम स्थापना में बाधाएं:-**

1. संसाधनों की कमी
2. पूंजी की कमी
3. उद्यमशीलता का अभाव
4. निम्न जोखिम सहनशीलता

**सूक्ष्म उद्यम प्रोत्साहन के लाभ:-**

1. रोजगार सृजन में वृद्धि
2. नवोन्मेंषों द्वारा बाजार की मांग के अनुरूप आपूर्ति।
3. स्थानीय क्षेत्र का आर्थिक विकास
4. आत्मनिर्भरता में वृद्धि

**सरकार द्वारा किये गये प्रमुख प्रयास:-**

सरकार द्वारा सूक्ष्म उद्यम स्थापना हेतु कई योजनाएँ प्रारंभ की जो निम्न है:

1. **एस्पायर योजना:**-यह कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में अधूरी सामाजिक जरूरतों के लिए नवाचार प्रोत्साहन हेतु पूरे देश में प्रौद्योगिकी केन्द्रों और इन्क्यूबेशन केन्द्रों का नेटवर्क बनाने हेतु प्रारंभ किया। इसके माध्यम से उपकरण और मशीनरी की लागत का 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाता हैं।

2. **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना:**-मुद्रा से तात्पर्य है कि माइक्रो यूनिट्स डवलपमेंट एण्ड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड।
   - इसके माध्यम से सूक्ष्म ईकाईयों को 10 लाख रूपये तक के ऋण आवश्यकता की पूर्ति बैंकों या माईक्रो फाईनेंस संगठनों द्वारा पुनर्वित्त सहायता प्रदान की जाती है।

3. **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी में अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट संरक्षण के लिए समर्थन (SIP-EIT) :**-यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (DeiTY) द्वारा भारतीय MSME और प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को विदेशी पेटेंट आवेदन दाखिल करने हेतु सरकारी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया प्रारंभ किया गया।
   - इसके द्वारा नये पेटेंट के लिए अधिकतम 15 लाख रूपये या लागत का 50 प्रतिशत जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति की जाती है।

4. **गुणक अनुदान योजना (MGS) :-** DeiTy द्वारा कंपनियों को उत्पाद और पैकेज निर्माण में सरकारी सहयोग प्रदान करने हेतु MGS को प्रारंभ किया गया।

- इसके तहत 2 वर्ष की अवधि के लिए अधिकतम 2 करोड़ रूपये तथा उद्योगों के समूह के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए 4 करोड़ रूपये दिये जाते हे।

5. **क्रेडिट गारंटी फण्ड योजना:-**यह योजना लागू करने के लिए MSME मंत्रालय, भारत सरकार और सिड़बी द्वारा सूक्ष्म और लघु के लिए क्रेडिट गारंटी फण्ड ट्रस्ट (CGTMSE) की स्थापना की।

- इसके द्वारा सूक्ष्म उद्यमों को रियायती दरों पर ऋण उपलबध करवा कर ऋण वितरण प्रणाली को मजबूत करने का प्रयास किया।
- इसके द्वारा प्रत्येक पात्र को 200 लाख रूपये तक का निधि और गैर-निधि आधारित क्रेडिट सुविधा प्रदान की जाती है।

6. **डिजाइन क्लीनिक योजना :-** MSME मंत्रालय द्वारा छोटी कंपनियों को अपने उत्पादों को नए और आविष्कार डिजाईनों के प्रयोग में प्रोत्साहन हेतु निरंतर कौशल विकास एवं प्रशिक्षण देने के लिए स्थाई डिजाइन इको सिस्टम बनाने हेतु यह योजना प्रारंभ की।

- इस कार्यक्रम के तहत सेमिनार में भाग लेने के लिए सरकार 60,000 रूपये प्रदान करती है तथा MSME द्वारा सेमिनार आयोजित हो तो 3.75 लाख रूपये या खर्च का 75 प्रतिशत का भुगतान सरकार करेगी।

7. **जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट (जेड) योजना:-** इसका उद्देश्य MSME को आधुनिकी तकनीकी के प्रयोग द्वारा दोषमुक्त, विश्वसनीय एवं उच्च गुणवत्तायुक्त सामान का निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित करना हैं। इनके अलावा 'आत्मनिर्भर भारत मिशन' मेक इन इंडिया कार्यक्रम, 'स्टार्ट अप इंडिया' आदि का लक्ष्य भी सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहन देना है।

**भारतीय अर्थव्यवस्था पर उपरोक्त प्रयासों के प्रभाव:-**

- वर्तमान परिदृश्य में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप तंत्र बनकर उभरा है। देश की 60 हजार कंपनियों में से 100 से अधिक यूनिकॉर्न है। न्यू इंडिया उद्यमशीलता की ऊर्जा से भरपूर अपने पथ पर तीव्र रूप से आगे बढ रहा है तथा नये आयाम स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

# जिस्ट योजना

## (नवम्बर, 2023)

### 1. डिजीटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) और सार्वजनिक भागीदारी : भारत एवं G-20

- भारत को परिवर्तनशील बनाने, सेवा प्रावधानों को सहज करने तथा नवाचारों में वृद्धि हेतु 'डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' (DPI) एक महत्वपूर्ण कदम है।

**भारत में डी.पी.आई. :-**

- जी-20 के केन्द्रीय विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम' पर आधारित निष्पक्ष और समावेशी आर्थिक विकास हेतु एक ग्लोबल डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी (GDPIR) का निर्माण एवं रखरखाव की योजना निर्माणाधीन है जो डी.पी.आई. का डिजीटल स्टोर है। इसके मूल आधार में JAM (जनधन, आधार और मोबाईल) है जो वित्तीय समावेशन में वृद्धि का मूल आधार है।

**सरकार से व्यक्ति कार्यक्रम और एकीकृत भुगतान इंटरफेस :-**

- भारत ने डी.पी.आई का उपयोग करके दुनिया के सबसे बड़े डिजीटल 'गवर्मेंट-टू-पर्सन' (G2P) संरचना में से एक को स्थापित किया है।
- इसी तरह भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) तेज और तात्कालिक भुगतान नेटवर्क के रूप में खड़ा है।
- UPI Paynow भारत को 11 देशों (फ्रांस, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया,कनाडा, हाँगकाँग, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, UAE और ब्रिटेन) से जोड़ती है जो कि वैश्विक वित्तीय समावेशन का सूचक है।
- **इंडिया स्टैक एंड अकाउण्ट एग्रीगेटर (AA) सिस्टम :-** इंडिया स्टैक, भारत की डीपीआई का उपयोग नवाचार को प्रोत्साहित करने, बाजार पहुँच में विस्तार, वित्तीय समावेशन असमानताओं को संबोधन, सरकारी राजस्व वृद्धि और सार्वजनिक व्यय दक्षता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण पक्ष है।
- वहीं भारतीय अकाउण्ट एग्रीगेटर (AA) प्रणाली लोगों को अपनी वित्तीय जानकारी पर नियंत्रण रखने की सुविधा देते हैं।

**प्रमुख पहल :-**

- तकनीकी परिवर्तन और डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर जी-20 नेताओं की घोषणा के अनुरूप भारत ने कुछ योजनाओं के द्वारा डिजीटल बुनियादी ढांचा मजबूत करने का प्रयास किया, वे योजनाएँ हैं-

**(A) डिजीटल इंडिया पहल और भारतनेट परियोजना :-**

- डिजीटल इंडिया पहल वर्ष 2010 में प्रारंभ हुई जो कि G-20 की प्रतिबद्धता के अनुरूप डिजीटल विभाजन को पाटने में सहायक है। यह योजना डिजीटल बुनियादी ढांचा बनाने तथा डिजीटल साक्षरता बढ़ाने पर केन्द्रित है।
- भारतनेट परियोजना के तहत ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाईबर से जोड़ा जाता है। वर्तमान में 11 सितम्बर 2023 तक 658, 685 KM की ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी ग्राम पंचायतों तक पहुँचादी गई है।

**(B) प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY):-**

- इसके तहत वित्तीय समावेशन और डिजीटल तकनीकी अपनाने में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये। इसके तहत सार्वजनिक क्षेत्रा के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और ग्रामीण सहकारी बैंकों में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि करना, 13 सितम्बर 2023 तक कुल लाभार्थी संख्या 50.41 करोड़ थी।

**(C) मेक इन इंडिया :-**

- प्रौद्योगिकी में भारत को आत्मनिर्भर बनाने हेतु तथा आयात निर्भरता कम करने हेतु प्रारंभ यह पहल जी-20 सम्मेलन की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सुरक्षित डिजीटल वातावरण तैयार करने की योजना के अनुरूप है।

**(D) स्टार्टअप इंडिया :-**

- यह उद्यमिता और नवाचार द्वारा वित्तीय समावेशन की एक पहल है जो डिजीटल प्रौद्योगिकी के समावेशी उपयोग पर केन्द्रित है।

**(E) उमंग और डिजीलॉकर :-**

- G-20 घोषणा के लक्ष्यों के अनुरूप ही उमंग एप डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को विस्तृत कर उसकी लोगों तक पहुंच में वृद्धि करने में उपयोगी है।
- साथ ही डिजीलॉकर का लक्ष्य नागरिकों के आवश्यक दस्तावेजों की डिजीटली प्रमाणित प्रतियों को संग्रहित कर रखना है।

**(F) स्मार्ट सिटी मिशन :-**

- जी-20 लक्ष्यों के अनुरूप एक शहरी विकास पहल है जो शहरी बुनियादी ढांचे के घटकों को एकीकृत करता है। इसके तहत 100 शहर तथा 7934 परियोजनाएँ शामिल हैं। यह भारत के शहरी जीवन के भौतिक और डिजीटल दोनों पहलुओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।

**(G) आधारः-**

- यह योजना डाटा सुरक्षा, निजता और सुरक्षित डिजीटल बुनियादी ढांचे पर जी-20 घोषणाओं के अनुरूप डिजीटल सेवाओं और पहचान के सत्यापन को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**(H) सेंट्रल बैंक डिजीटल करेंसी :-**

- RBI द्वारा ई-रुपी के तहत लांच सेंट्रल बैंक डिजीटल करेंसी (CBDC) जी-20 घोषणाओं के अनुरूप कानूनी निविदा का प्रतिनिधित्व करने वाला एक डिजीटल टोकन है जो आधुनिक डिजिटल मुद्रा समाधानों को अपनाने, विकसित करने एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**(I) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) :-**

- MeiTY में भारत AI के क्रियान्वयन और विकास में तेजी लाने हेतु विभिन्न योजनाएँ एवं कार्यक्रम शुरू किए ताकि पेशेवर कौशल विकास, अनुसंधान में वृद्धि तथा SDG लक्ष्य शीघ्रता व कुशलतापूर्वक प्राप्त हो सके।

**निष्कर्ष :-**

- जी-20 घोषणाएँ बढ़ते डिजीटलीकरण के साथ सतत एवं समावेशी विकास को लक्षित करने हेतु भारत की प्रतिबद्धता उसके वित्तीय समावेशन की गति डिजीटल परिवर्तन हेतु मानक के रूप में स्थापित हुई है, जो भारत की नेतृत्वकर्ता छवि को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करता है तथा भारत द्वारा वित्तीय तकनीकी नवाचारों के संदर्भ में एक प्रतिष्ठित नेतृत्वकर्ता छवि को प्रदर्शित किया गया।

## 2. भारत में ऊर्जा की विकास यात्रा :-

- **परिचयः**- भारत में ऊर्जा विकास की यात्रा का संदर्भ परम्परागत ऊर्जा स्रोतों से अक्षय ऊर्जा स्रोतों के अपनाने से समझा जाता है। अक्षय ऊर्जा भविष्य के लिए एक आवश्यक प्रयास है जिसके प्रति सरकार भी दृढ़ता से नवाचार युक्त नीतियों एवं पहलों का प्रारम्भ कर हरित ऊर्जा उपलब्धता में वृद्धि हेतु प्रयासरत है।

**ऊर्जा विकास की यात्रा की आवश्यकता :-**

- भारत सरकार द्वारा परम्परागत ऊर्जा स्रोतों से आर्थिक विकास दर तो बढ़ी परन्तु उनसे सामाजिक एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी देखने को मिले, उन्हें दूर करने तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों वदबाव के कारण भारत को हरिज ऊर्जा विकास पर ध्यान केन्द्रित करने पर फोकस हेतु तत्पर किया। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर, बढ़ता कार्बन उत्सर्जन, ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव, वायु प्रदूषण आदि ऐसे दबाव समूह थे जिन्होंने भारत की ऊर्जा उत्पादन संयंत्रों का मुख हरित ऊर्जा की ओर मोड़ा।

### पेरिस समझौता क्या है

- यह समझौता एक बहुपक्षीय जलवायु समझौता है , जिसे 2015 में पेरिस, फ्रांस में संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कनवेन्शनऑन क्लाईमेट चेन्ज के 21 वें सम्मेलन में अपनाया गया था।
- यह समझौता जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए एक वैश्विक योजना प्रदान करता है।

### हरित ऊर्जा विकास हेतु प्रमुख सरकारी पहलें एवं उपलब्धियां:-

- भारत सरकार ने व्यापक नीतियों और पहलों को अपनाकर अक्षय ऊर्जा स्रोतों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने हेतु निम्न प्रयास करे-

(A) **जलवायु परिवर्तन हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना ( 2008 )**

**(B) राष्ट्रीय सौर मिशन-2010 :-**

- इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी एवं नवचारों का उपयोग कर सौर ऊर्जा उत्पादन की लागत को कम करना है। 2010 के 20GW उत्पादन के लक्ष्य को 2022 में बढ़ाकर 100GW कर दिया गया है।
- अक्षय ऊर्जा के कुल लक्ष्य को बढ़ाकर 175GW किया गया जिसे पुनः संशोधित कर 2030 तक हरित ऊर्जा उत्पादन 500GW उत्पादन लक्ष्य रखा गया।

### उपरोक्त कार्यक्रमों के तहत भारत की निम्न उपलब्धियां रही-

(i) भारत अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता में विश्व में चतुर्थ स्थान पर है।

(ii) भारत सौर ऊर्जा क्षमता के हिसाब से जर्मनी के बाद पंचम स्थान पर है।

(iii) 2017-22 तक भारत में अक्षय ऊर्जा क्षमता में 63GW की वृद्धि रही तथा वृद्धि में भारत विश्व में तृतीय स्थान पर रहा।

### सौर ऊर्जा प्रोत्साहन हेतु प्रमुख योजनाएँ एवं घोषणाएं :-

**(A) सौर उद्यान योजना** :- इसके तहत 40GW उत्पादन का लक्ष्य रखा गया, जिसके अंतर्गत

30.8GW – PM- KUSUM योजना

4 GW - Roof Top Solal - 2.0

8.2 GW - CPSU स्कीम (Phase 1-2)

**(B) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) 2023 :-** इसके तहत उत्पादन लक्ष्य 2030 तक 5 MMTPA रखा गया है।

(C) 'सूर्य मित्र' कार्यक्रम के तहत 32000 से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिए गए।

(D) पवन ऊर्जा परियोजना हेतु 'वायु मित्र' एवं जलविद्युत परियोजना हेतु 'जल ऊर्जा मित्र' योजना प्रारंभ की गई।

### अक्षय ऊर्जा योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने में चुनौतियां –

(i) भूमि की उपलब्धता आसान नहीं होना।

(ii) नियमन मुद्दे:- अक्षय ऊर्जा स्थापना हेतु राज्य के निम्न कर्तव्यनिष्ठ कृत्य आवश्यक है-

(a) नवीकरण खरीद दायित्व (RPO) परिपालन

(b) राज्य बिजली नियमन आयोगों (SPRC) द्वारा सही समय पर शुल्क दरें स्वीकृत करना।

(c) राज्यों की ओर से अतिरिक्त लेवी लगाने से बचना।

(iii) **प्रेषण इन्फ्रास्ट्रक्चर**:- लक्ष्यपूर्ति हेतु वास्तविक प्रेषण, परियोजना प्लानिंग तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं उपचार उपाय आवश्यक हैं।

### आर्थिक एवं पर्यावरण संबंधी प्रभाव:-

(A) **आर्थिक प्रभाव**:-नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वृद्धि से निम्न आर्थिक प्रभाव देखने को मिलते हैं-

(i) रोजगार सृजन में वृद्धि

(ii) विदेशी निवेश में वृद्धि

(iii) जीवाश्म ईंधन आयात में कमी

(iv) वैश्विक अर्थव्यवस्था के उतार-चढ़ाव का असर कम।

**(B) पर्यावरणीय प्रभाव:-**

- नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में निम्न पर्यावरणीय प्रभाव देखे जा रहे हैं-

(i) कार्बन उत्सर्जन में कमी

(ii) वायु प्रदूषण में कमी

(iii) जन स्वास्थ्य सुरक्षा में वृद्धि

(iv) COP-26 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित पंचामृत लक्ष्य प्राप्ति।

### निष्कर्ष:

- भारत द्वारा विभिन्न प्रयासों, योजनाओं एवं नीतियों द्वारा परम्परागत स्रोतों से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत की ओर आने की विकास यात्रा में विभिन्न समस्याएँ, आर्थिक-पर्यावरणीय प्रभाव एवं अवसंरचना के सकारात्मक उत्थान तथा वैश्विक पटल पर भारत की मजबूत स्थिति का प्रदर्शन भारत को विश्व के उच्च आसीन देशों में स्थापित करता है।

### पीएम कुसुम योजना क्या है?

- प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान (PM-KUSUM) भारत सरकार द्वारा 2019 में शुरू की गई एक योजना है, जो किसाना को सौर ऊर्जा का उपयोग करके अपनी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्रा को सिंचाई के स्त्रोत प्रदान करता है।

### वायु मित्र क्या है?

- वायु मित्र एक मूल पाठ्यक्रम है जो पवन प्रौद्योगिकी पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान द्वारा अगस्त 2020 से आयोजित किया जा रहा है, जो केन्द्र सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन है।

### जल ऊर्जा मित्र क्या है?

- जल ऊर्जा मित्र एक कौशल विकास कार्यक्रम है जो नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा लघु जलविद्युत परियोजनाओं के रखरखाव के लिए जल विद्युत संयंत्र तकनीशियनों को प्रशिक्षित करने की एक पहल है, जिसका लक्ष्य 1680 कुशल तकनिशियनों को 5 वर्ष की अवधि में तैयार करना है।
- यह कार्यक्रम 2022 से शुरू हुआ और इस के आयोजन का जिम्मा केन्द्र सरकार के साथ IIT रुड़की ने 2022-2026 तक लिया है।

### सूर्य मित्र योजना क्या है?

- राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE) नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का ऑटोनोमस संस्थान है, जो सौर ऊर्जा के क्षेत्र में शीर्ष राष्ट्रीय अनुसंधान व विकास संस्थानों में से एक है।
- NISE देशभर में अलग-अलग स्थानों पर राज्य नोडल एजेंसियों के सहयोग से सूर्य मित्र कौशल विकास कार्यक्रम को आयोजित करवाता है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत और विदेशों में बढ़ती सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट्स की स्थापना, संचालन और रख-रखाव में लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करवाना है।

### राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन- 2023 क्या है?

- कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और ऊर्जा के नवीकरणीय स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2021 को राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया था।
- नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय इस के क्रियान्वयन के लिए योजना तैयार करेगा।
- इस मिशन के तहत देश में लगभग 125 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 मिलियन मैट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता के विकास को बढावा देना है और इन लक्ष्यों को 2030 तक हासिल करने का लक्ष्य है।

### हरित हाइड्रोजन क्या है?

- जब पानी में विद्युत धारा प्रवाहित करते है तो यह इसे इलेक्ट्रोलाईसिस के माध्यम से आण्विक ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित कर देता है।
- इस प्रक्रिया के लिए उपयोग की जाने वाली बिजली पवन या सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्त्रोतों से आती है, तो इस प्रकार उत्पादित हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन कहा जाता है।

# आलेख

## 1. राज्य और राज्यपाल

- हाल ही में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जब राज्यपाल कोई विधेयक को स्वीकृति देने से इनकार करते हैं, तो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 200 में बताए गए विशिष्ट कदमों का पालन करना अनिवार्य होता है।
- अनुच्छेद 200 का मुख्य पहलू यह है कि राज्यपाल को अपनी स्वीकृति देने में असहमति के कारणों को संचारित करना और संसद को विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है।

**हाल का सर्वोच्च न्यायालय की फैसला**

- सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि यदि कोई राज्यपाल किसी विधेयक पर सहमति रोकने का फैसला करता है, तो उसे विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधायिका को वापस करना होगा। राज्यपाल द्वारा अनुमति रोकना संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।
- विधेयक पर अंतिम निर्णय निर्वाचित विधायिका का होता है और राज्यपाल उन्हें सहमत होने के लिए बाध्य नहीं कर सकता।
- एक बार जब सदन संशोधन के साथ या बिना संशोधन के लौटाए गए विधेयक को दोबारा पारित कर देता है, तो राज्यपाल के पास सहमति देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है।
- किसी विधेयक को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार निर्वाचित विधानमंडल के पास है, और राज्यपाल विधायी निकाय को बाध्य नहीं करता है।

**विधेयकों पर राज्यपाल की शक्तियाँ**

- **अनुच्छेद 200:** यह किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को सहमति के लिये राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है, जो या तो सहमति दे सकता है, सहमति को रोक सकता है या राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिये विधेयक को आरक्षित कर सकता है। राज्यपाल सदन या सदनों द्वारा पुनर्विचार का अनुरोध करने वाले संदेश के साथ विधेयक को वापस भी कर सकता है।
- **अनुच्छेद 201:** जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित होता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है या उस पर रोक लगा सकता है। राष्ट्रपति विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिये राज्यपाल को उसे सदन या राज्य के विधानमंडल के सदनों को वापस भेजने का निर्देश भी दे सकता है।

**राज्यपाल के पास उपलब्ध विकल्पः**

- सहमति दे सकता है
- विधेयक के कुछ प्रावधानों या विधेयक पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए इसे विधानसभा को वापस भेजा जा सकता है।
- विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित रख सकता है। यह अनिवार्य है जहां राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्य उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरे में डालता है। हालाँकि, राज्यपाल विधेयक को आरक्षित भी कर सकता हैं यदिः
  - » यह संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध है
  - » यह राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का विरोध है।
  - » यह देश के व्यापक हित के खिलाफ है
  - » यह गंभीर राष्ट्रीय महत्व का है
  - » यह अनुच्छेद 31ए के अंतर्गत संपत्ति के अनिवार्य अधिग्रहण से संबंधित है।
- सहमति रोक सकता है- आमतौर पर किसी राज्यपाल द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है।


**लंबित विधेयकों से संबंधित मुद्दे**

- **विधान में देरीः** विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने में राज्यपाल की विफलता के कारण निर्णय लेने में देरी होती है। इससे राज्य सरकार की प्रभावी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।
- **लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता हैः** राज्यपाल (केंद्र द्वारा नियुक्त) राजनीतिक कारणों से विधेयकों में देरी करने या अस्वीकार करने के लिए अपनी शक्तियों का उपयोग कर सकता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है।
- **जनता का दृष्टिकोणः** जनता अक्सर राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों को राज्य सरकार की अक्षमता या यहां तक कि भ्रष्टाचार के संकेत के रूप में देखती है, जो सरकार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है।
- **जवाबदेही का अभावः** जब राज्यपाल सहमति रोकता है, तो वह अपने निर्णय के लिए कोई कारण नहीं बताता है। जवाबदेही की यह कमी शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही के सि(ांतों को कमजोर करती है।

### आगे की राह

- **अनुच्छेद 200 का पालन:** राज्यपालों को अनुच्छेद 200 का पालन करना चाहिए और विधेयकों के बारे में अपनी चिंताओं को बताना चाहिए और उन्हें समय पर पुनर्विचार के लिए राज्य विधानमंडल को वापस भेजना चाहिए।
- **पारदर्शिता:** किसी विधेयक पर सहमति रोकते समय राज्यपालों को अपने निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी तर्क प्रदान करना चाहिए।
- **राज्यपालों की भूमिका पर निरंतर चर्चा और कानूनी स्पष्टता:** यह प्रक्रियाओं को और सुव्यवस्थित कर सकती है और संभावित संघर्षों से बचा सकती है।

## 2. हिमनद झील के फटने से बाढ़




- हाल ही में, सिक्किम के उत्तर-पश्चिम में 17,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक (हिमनद) झील का दक्षिणी तटबंध टूट गया, जिससे बर्फीले जल और मलबे का एक बड़ा मिश्रण बहकर बाहर आ गया।
- इसके कारण, तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई और सिक्किम के चार जिले: मंगन, गंगटोक, पाक्योंग और नामची प्रभावित हुए।
- इसके कारण सिक्किम में चुंगथांग हाइड्रो-बांध (तीस्ता नदी पर) टूट गया, जिससे समग्र स्थिति खराब हो गई।

### हिमनद झील के फटने से बाढ़

- **विवरण:** जल के बड़े पिंड जो पिघलते ग्लेशियर के सामने, ऊपर या नीचे स्थित होते हैं।
- **भेद्यता:** जैसे-जैसे उनका आकार बढ़ता जाता है, वे और अधिक खतरनाक होती जाती हैं क्योंकि हिमनद झीलें अधिकांशत: अस्थिर बर्फ या ढीली चट्टानों एवं मलबे से बनी तलछट से घिरी होती हैं।
- **सीमा का टूटना:** भारी मात्रा में पानी पहाड़ों की ओर से नीचे की ओर बहता है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है।

### प्रभाव

- **विनाशकारी अनुप्रवाह (downstream) बाढ़:** हिमनद झील के फटने से कम समय में लाखों क्यूबिक मीटर पानी बह जाता है।
- **हिमनद झील के फटने के दौरान चरम प्रवाह:** 15,000 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार) तक।

### हिमनद झील के फटने से बाढ़ के प्रति संवेदनशीलता

- **दक्षिण ल्होनक झील:** उत्तरी सिक्किम में स्थित है और समुद्र तल से लगभग 5,200 मीटर ऊपर स्थित है।
- **हाल की चेतावनियाँ:** संभवत: इसके ऊपरी छोर से बर्फ के पिघलने से झील का विस्तार वर्षों से हो रहा था।
- **भूकंपीय गतिविधियाँ:** 2011 में आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने क्षेत्रा में हिमनद झील के फटने से बाढ़ के जोखिम को बढ़ा दिया।

- **हालिया त्रासदी:** ऐसा माना जाता है कि यह झील के आसपास के बर्फ से ढके हिस्से से उत्पन्न हिमस्खलन के कारण हुआ था।

**भारत में अन्य हिमनद झीलों के फटने से बाढ़ की घटनाएँ**

- **जून 2013:** उत्तराखंड में असामान्य मात्रा में वर्षा हुई, जिससे चोराबाड़ी हिमनद पिघल गया और मंदाकिनी नदी में बाढ़ आ गयी।
- **अगस्त 2014:** हिमनद झील के फटने से आई बाढ़ ने लद्दाख के ग्या गांव को अपनी चपेट में ले लिया
- **फरवरी 2021:** उत्तराखंड के चमोली जिले में आकस्मिक बाढ़ आई, जिसके बारे में आशंका है कि यह हिमनद झील के फटने से आई।

**हिमनद झील के फटने से बाढ़ के जोखिम को कम करने के लिए उठाए जाने वाले कदम**

- **हिमनद झील की निगरानी:** संवेदनशील क्षेत्रों में हिमनद झीलों की वृद्धि और स्थिरता पर नजर रखने के लिए एक व्यापक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना।
- **प्रौद्योगिकी का उपयोग:** उपग्रह इमेजरी, रिमोट सेंसिंग तकनीक और ड्रोन के माध्यम से क्षेत्र सर्वेक्षण का उपयोग हिमनद झीलों और उनके संबंधित मोराइन बांधों में परिवर्तन का नियमित आकलन करने के लिए किया जा सकता है।
- **प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली:** वे हिमनद झीलों की स्थिति में अनुप्रवाह समुदायों को समय पर अलर्ट प्रदान कर सकते हैं।
- **बाढ़ सुरक्षा उपाय:** बाढ़ के पानी को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर पुनर्निर्देशित करने के लिए सुरक्षात्मक अवरोधों, तटबंधों या डायवर्जन चौनलों का निर्माण करना।
- **सार्वजनिक जागरूकता और शिक्षा:** हिमनद झीलों के फटने के जोखिमों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और निचले स्तर पर रहने वाले समुदायों को शिक्षित करना।
- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:** भारत हिमालय क्षेत्र में पड़ोसी देशों के साथ सहयोग कर सकता है, क्योंकि हिमनद झीलों के फटने का सीमा पार प्रभाव हो सकता है।

## 3. डीपफेक पर सरकार के निर्देश

- हाल ही में, भारत सरकार ने आईटी नियम 2021 में उल्लिखित आवश्यकता के अनुसार, ष्सोशल मीडिया मध्यस्थोंष् को शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर अपने प्लेटफॉर्म से मॉर्फ्ड वीडियो या डीप फेक को हटाने का निर्देश दिया।
- यह निर्देश तब आए जब एक सप्ताह के भीतर कुछ अभिनेत्रियों के फर्जी वीडियो ऑनलाइन सामने आए।

**डीपफेक**

- **अर्थ:** सिंथेटिक मीडिया को संदर्भित करता है जहाँ किसी व्यक्ति की सदृश्ता को दूसरे व्यक्ति की सदृश्ता से बदलने के लिये डिजिटल रूप से हेरफेर किया जाता है।
- **निर्माण:** इन्हें मशीन लर्निंग और एआई की तकनीकों का उपयोग करके बनाया जाता है, जैसे कि डीप लर्निंग और जेनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (जीएएन)।
- **नैतिक और सामाजिक चुनौतियाँ:** फर्जी खबरें बनाना, गलत सूचना फैलाना, गोपनीयता का उल्लंघन करना और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना।
- **नकली वीडियो बनाना:** इसका उपयोग मित्रों या प्रियजनों का रूप धारण करके व्यक्तियों को धोखेबाजों को पैसे भेजने के लिए भी किया जा सकता है।

**डीपफेक प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग**

- **फिल्म डबिंग:** इसका उपयोग विभिन्न भाषाएं बोलने वाले अभिनेताओं के लिए यथार्थवादी लिप-सिंकिंग के लिए किया जा सकता है, जिससे फिल्म दर्शकों के लिए अधिक सुलभ हो जाती है।
- **शिक्षा:** यह शिक्षकों को कक्षा में ऐतिहासिक शख्सियतों को जीवंत करके आकर्षक सीख देने में मदद कर सकता है।
- **कला:** इसका उपयोग कलाकारों के लिए खुद को अभिव्यक्त करने, विभिन्न शैलियों के साथ प्रयोग करने या अन्य कलाकारों के साथ सहयोग करने के लिए एक रचनात्मक उपकरण के रूप में किया जा सकता है।
- **स्वायत्तता और अभिव्यक्ति:** यह लोगों को अपनी डिजिटल पहचान को नियंत्रित करने, अपनी गोपनीयता की रक्षा करने या विभिन्न तरीकों से अपनी पहचान व्यक्त करने के लिए सशक्त बना सकता है।
- **संदेश का विस्तार:** यह उन लोगों की आवाज और प्रभाव को बढ़ाने में मदद कर सकता है जिनके पास साझा करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश हैं, खासकर उन लोगों की जो भेदभाव, सेंसरशिप या हिंसा का सामना करते हैं।

- **डिजिटल पुनर्निर्माण और सार्वजनिक सुरक्षा:** यह गुम या क्षतिग्रस्त डिजिटल डेटा को पुनर्निर्मित करने में मदद कर सकता है, जैसे पुराने फोटो या वीडियो को पुनर्स्थापित करना, या निम्न-गुणवत्ता वाले फुटेज की गुणवत्ता को बढ़ाना।
- **सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार:** यह आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं, कानून प्रवर्तन, या सैन्य कर्मियों के लिए यथार्थवादी प्रशिक्षण सामग्री बनाकर सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करने में भी मदद कर सकता है।
- **नवाचार:** यह मनोरंजन, गेमिंग या मार्केटिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों में नवाचार को बढ़ावा दे सकता है।

### चुनौतियाँ

- **झूठी जानकारी फैलाना:** इनका उपयोग गलत सूचना फैलाने के लिए किया जा सकता है, जो महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में भ्रम पैदा कर सकता है।
- **उत्पीड़न और धमकी:** डीपफेक को लोगों को परेशान करने, डराने, नीचा दिखाने और कमजोर करने के लिए डिजाइन किया जा सकता है।
- **मॉर्फिंग:** डीपफेक पोर्न पीड़ितों की गोपनीयता और सहमति का भी उल्लंघन कर सकता है, और मनोवैज्ञानिक संकट और आघात का कारण बन सकता है।
- **अवैध गतिविधियाँ:** इनका उपयोग ब्लैकमेल या फिरौती की सामग्री बनाने के लिए किया जा सकता है, जैसे किसी अपराध करने वाले, अफेयर रखने वाले या खतरे में होने के नकली वीडियो।
- **साक्ष्य गढ़ना:** उनका उपयोग जनता को धोखा देने या राज्य सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने और कानूनी कार्यवाही या जांच में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है।
- **मानहानि:** उनका उपयोग किसी ऐसे व्यक्ति की छवि बनाने के लिए किया जा सकता है जो अस्तित्व में ही नहीं है, किसी ऐसे व्यक्ति का वीडियो बनाने या ऐसा कुछ करने का वीडियो बनाने के लिए किया जा सकता है जो उन्होंने कभी नहीं किया है, या किसी व्यक्ति की आवाज को ऑडियो फाइल में संश्लेषित करने के लिए किया जा सकता है।
- **वित्तीय धोखाधड़ी:** इनका उपयोग अधिकारियों, कर्मचारियों या ग्राहकों का रूप धारण करने और संवेदनशील जानकारी लेने, धन हस्तांतरित करने या गलत निर्णय लेने के लिए किया जा सकता है।

### डीपफेक पर रोक लगाने के लिए सरकार के उपाय

- **आईटी अधिनियम, 2000 और आईटी नियम, 2021:** इनमे निर्देश दिए गए हैं जो सोशल मीडिया मध्यस्थों पर जिम्मेदारी डालते हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि ऐसे डीपफेक वीडियो या फोटो को जल्द से जल्द हटा दिया जाए। तीन साल तक की कैद और 1 लाख रुपये जुर्माने का दंडात्मक प्रावधान।
- **आईटी अधिनियम की धारा 66 D:** जो कोई भी संचार उपकरण या कंप्यूटर संसाधन का उपयोग करके धोखाधड़ी करता है, उसे तीन साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- नियम 3(1)(B)(vii): सोशल मीडिया मध्यस्थों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ता किसी भी ऐसी सामग्री को होस्ट न करें जो किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिरूपण करती हो।
- नियम 3(2)(B): ऐसी सामग्री के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटाना आवश्यक है।

### डीपफेक के खतरे को संबोधित करना

**अन्य देशों से सबक:**

- **चीन:** इसमें डीपफेक प्रौद्योगिकियों के प्रदाताओं को अपने वीडियो में मौजूद लोगों की सहमति प्राप्त करने, उपयोगकर्ताओं की पहचान सत्यापित करने और उन्हें सहारा देने की आवश्यकता के लिए एक विनियमन है।
- **कनाडा:** बड़े पैमाने पर जन जागरूकता अभियान और कानून जो दुर्भावनापूर्ण इरादे से किए गए डीपफेक को अवैध बनाता है।
- **सभी एआई-जनित वीडियो में वॉटरमार्क जोड़ना:** वॉटरमार्क सामग्री की उत्पत्ति और स्वामित्व को प्रकट करते हैं और अनधिकृत उपयोग के खिलाफ निवारक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि सामग्री को उसके स्रोत पर वापस खोजा जा सकता है।
- **ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की भूमिका:** उन्हें अपनी सामग्री नीतियों के बारे में उपयोगकर्ताओं को शिक्षित और सूचित करने के लिए कदम उठाने चाहिए, और शायद अनुचित सामग्री के अपलोड को रोकने के लिए उपाय लागू करने चाहिए।
- **डीपफेक डिटेक्शन टेक्नोलॉजीज का परिष्कार:** अधिक परिष्कृत एल्गोरिदम का उपयोग करना और नए तरीकों का विकास करना जो उनके संदर्भ, मेटाडेटा या अन्य कारकों के आधार पर डीपफेक की पहचान कर सकें।

- **डिजिटल कानून को मजबूत करना:** स्पष्ट और सुसंगत कानून और नीतियां बनाना जो डीपफेक के दुर्भावनापूर्ण उपयोग को परिभाषित और प्रतिबंधित करें।
- **मीडिया साक्षरता और जागरूकता बढ़ाना:** जनता और मीडिया को डीपफेक के अस्तित्व और संभावित प्रभाव के बारे में शिक्षित करना।
- **डीपफेक प्रौद्योगिकी के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना:** डीपफेक प्रौद्योगिकी के रचनाकारों और उपयोगकर्ताओं के लिए आचार संहिता और मानकों की स्थापना और कार्यान्वयन करना।

## 4. वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2023

- हाल ही में पारित वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2023 वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में महत्वपूर्ण विधायी परिवर्तन लाता है, जो भारत में वन संरक्षण को नियंत्रित करने वाला एक महत्वपूर्ण पर्यावरण कानून है।
- हालाँकि, इस पर सीमित ध्यान दिया गया है और जंगलों और उनके निवासियों पर इसके प्रभाव के बारे में बहुत कम चर्चा हुई है।

### संशोधन के मुख्य प्रावधान

(I) **प्रस्तावना का सम्मिलन**

- संशोधन अधिनियम वन (संरक्षण) अधिनियम के लिए एक प्रस्तावना पेश करता है।
- यह निम्नलिखित के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है:
  - » 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना
  - » 2030 तक राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्य को पूरा करना
  - » भारत के वन और वृक्ष आवरण को उसके भूमि क्षेत्र के एक तिहाई तक विस्तारित करना।

(II) **भूमि**

- वन कानून अब विशेष रूप से वन अधिनियम, 1927 के तहत वर्गीकृत क्षेत्रों और 25 अक्टूबर, 1980 को या उसके बाद निर्दिष्ट क्षेत्रों पर लागू होगा।
- यह उन वनों पर लागू नहीं है जिन्हें 12 दिसंबर 1996 को या उसके बाद गैर-वन उपयोग के लिए परिवर्तित किया गया था।
- यह दर्ज वन भूमि, निजी वन भूमि, वृक्षारोपण आदि पर अधिनियम के आवेदन को सुव्यवस्थित करता है।

### भूमि की छूट प्राप्त श्रेणियाँ

- अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं, वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), नियंत्रण रेखा (एलओसी) आदि के 100 किमी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक परियोजनाएं।

### वन भूमि को पट्टे पर देना

- राज्य सरकार को सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के बिना किसी भी इकाई को वन भूमि आवंटित करने के लिए केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होती है।
- यह शर्त सभी संस्थाओं पर लागू होती है, जिनमें सरकार के स्वामित्व वाली और नियंत्रित इकाइयां भी शामिल हैं।
- इसके लिए यह भी आवश्यक है कि पूर्व अनुमोदन केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन हो।

### वन भूमि में अनुमत गतिविधियाँ

- वनों के आरक्षण को रद्द करने या गैर-वन उद्देश्यों के लिए वन भूमि के उपयोग पर प्रतिबंध। लेकिन, केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी से इन्हें हटाया जा सकता है।
- **वे गतिविधियाँ जिन्हें गैर-वन उद्देश्यों से बाहर रखा जाएगा:** वनों और वन्यजीवों के संरक्षण, प्रबंधन और विकास से संबंधित कार्य जैसे चेक पोस्ट, फायर लाइन, बाड़ लगाना और वायरलेस संचार स्थापित करना।

### केंद्र सरकार की प्रत्यायोजित विधान की शक्ति का विस्तार

- संशोधन से पहले, केंद्र सरकार की प्रत्यायोजित विधान की शक्ति केवल नियम बनाने तक ही सीमित थी।
- अब, केंद्र सरकार की प्रत्यायोजित विधान की शक्ति का विस्तार किया गया है और उसे किसी भी केंद्रीय सरकारी प्राधिकरण, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, या उनके द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संगठन, इकाई या निकाय को 'निर्देश' जारी करने की शक्ति दी गई है।

### 'वन' की परिभाषा पर स्पष्टता

- संशोधन वन की परिभाषा को स्पष्ट करता है जो 'मानित वनों' और विविध व्याख्याओं के बारे में अस्पष्टता को संबोधित करता है।
- संशोधन अस्पष्टता का समाधान करते हुए केवल अधिसूचित और दर्ज वनों के लिए एफसीए आवेदन को स्पष्ट करता है।

### जलवायु परिवर्तन शमन और संरक्षण

- इसका उद्देश्य अस्पष्टताओं को दूर करते हुए एनडीसी और कार्बन तटस्थता की देश की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करना है।
- यह विभिन्न भूमियों में अधिनियम की प्रयोज्यता के बारे में भी स्पष्टता लाता है, गैर-वन भूमि में वृक्षारोपण को बढ़ावा देता है।

**विकास के लिए प्रावधान**

- यह अधिनियम कुछ वन क्षेत्रों को कानूनी अधिकार क्षेत्र से हटाकर, रैखिक परियोजनाओं और सुरक्षा बुनियादी ढांचे सहित विविध उपयोगों की अनुमति देकर आर्थिक शोषण की सुविधा प्रदान करेगा।

**राष्ट्रीय सुरक्षा**

- यह अधिनियम सड़कों और राजमार्गों जैसी कुछ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वन मंजूरी की अनुमति लेने से छूट देता है, यदि वे राष्ट्रीय सीमा के 100 किलोमीटर के भीतर स्थित हैं।
- इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास को सुविधाजनक बनाने की उम्मीद है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

**प्रतिपूरक वनरोपण**

- यह प्रतिपूरक वनीकरण को बढ़ावा देता है, जिससे निजी संस्थाओं को वनीकरण या पुनर्वनीकरण परियोजनाएँ शुरू करने की अनुमति मिलती है।

**स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना**

- यह चिड़ियाघरों, सफारी और इकोटूरिज्म की स्थापना जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है।
- ये गतिविधियाँ वन संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं।
- वे स्थानीय समुदायों को समग्र विकास के साथ एकीकृत करके उनके लिए आजीविका के अवसर भी पैदा करते हैं।

**संशोधन से संबंधित प्रमुख मुद्दे**

**वनों को पुनर्परिभाषित करना**

- 1996 में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्वामित्व, मान्यता और वर्गीकरण के बावजूद, किसी भी सरकारी रिकॉर्ड में जंगल के रूप में दर्ज पेड़ों का कोई भी टुकड़ा स्वचालित रूप से जंगल माना जाएगा। यह अधिनियम इसका खंडन करता है।
- मौजूदा अधिनियम में इस संशोधन के तहत परिभाषा में संशोधन के कारण भारत के लगभग 20-25% वनों ने अपनी कानूनी सुरक्षा खो दी है।

**बुनियादी ढांचे का अतिक्रमण**

- राष्ट्रीय सुरक्षा परियोजनाओं के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के पास भूमि को छूट देने से पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
- **चिड़ियाघरों, पर्यावरण-** पर्यटन सुविधाओं जैसी परियोजनाओं के लिए छूट से वन भूमि और वन्य जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।.

**जनजातीय अधिकारों की उपेक्षा**

- यह संशोधन गैर-वन उद्देश्यों के लिए वनों में परिवर्तन के लिए आदिवासी ग्राम सभाओं से पूर्व सहमति की आवश्यकता को हटा देता है।
- निजी कंपनियों को इकोटूरिज्म के लिए वन भूमि का उपयोग करने की अनुमति आदिवासी समुदायों की आजीविका की कीमत पर कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा दे सकती है।
- बड़े पैमाने पर पर्यटन के कारण स्थानीय संस्कृतियों और परंपराओं पर संभावित नकारात्मक प्रभाव पद सकता है ।

**प्रधिकार का मुद्दा**

- संशोधनों ने निजी कंपनियों द्वारा संभावित वन दोहन और केंद्र सरकार के हाथों में अधिक शक्ति को मजबूत करके राज्य सरकारों की चिंताओं की उपेक्षा के बारे में चिंता जताई।

**मानव-पशु संघर्ष**

- यदि वन भूमि पर बुनियादी ढांचे के विकास की अनुमति दी गई तो मानव-पशु संघर्ष बढ़ जाएगा।
- यह संशोधन आदिवासी बस्तियों में बढ़ते मानव-पशु संघर्षों को संबोधित नहीं करता है, जो आजीविका और वन्य जीवन दोनों के लिए खतरा पैदा करता है।

## 5. चुनावी बांड

- तीन दिन की सुनवाई के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना को चुनौती पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।
- 2018 में विवादास्पद चुनावी बांड योजना शुरू होने से पहले, चुनावी ट्रस्ट योजना थी, जो 2013 में यूपीए सरकार द्वारा लाई गई थी।

**चुनावी बांड**

**लाये गए: 2018 में।**

- **महत्त्व:** बॉण्ड दानदाता की गुमनामी बनाए रखते हुए पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिये व्यक्तियों और संस्थाओं के लिये एक साधन के रूप में कार्य करते हैं।

**विशेषताएँ:**

- **अधिकृत जारीकर्ता:** केवल भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा जारी किया जाता है

- 1,000 रुपये, 10,000 रुपये, 1 लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 1 करोड़ रुपये के मूल्यवर्ग में जारी।
- धारक को मांग पर देय और ब्याज मुक्त।
- भारतीय नागरिकों या भारत में स्थापित संस्थाओं द्वारा खरीदा गया।
- इसे व्यक्तिगत रूप से या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से खरीदा जा सकता है।
- जारी होने की तारीख से 15 कैलेंडर दिनों के लिए वैध।
- **राजनीतिक दलों की पात्रता:** केवल जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29। के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल, जिन्होंने पिछले आम चुनाव में लोकसभा अथवा विधानसभा के लिये डाले गए वोटों में से कम-से- कम 1% वोट हासिल किये हों, चुनावी बॉण्ड खरीदने हेतु पात्र हैं।
- **खरीद और नकदीकरण:** चुनावी बॉण्ड डिजीटल अथवा चेक के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं।
- **पारदर्शिता:** राजनीतिक दलों को भारतीय निर्वाचन आयोग के साथ अपने बैंक खाते के विवरणों का खुलासा करना अनिवार्य है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये बैंकिंग चैनलों के माध्यम से दान दिया जाता है।

**लाभ:**

- राजनीतिक दलों की फंडिंग में पारदर्शिता में वृद्धि।
- धन के रूप में प्राप्त दान के उपयोग का खुलासा करने की जवाबदेही।
- नकदी लेन-देन में कमी।
- दाता की गोपनीयता का संरक्षण।

### चुनावी बांड योजना से संबंधित चिंताएँ

- **अपारदर्शिता:** चुनावी बांड योजना उसके ठीक विपरीत काम करती है जो उसे करना था यानी चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता लाना।
- **जबरन वसूली की संभावना:** सरकारी स्वामित्व वाले बैंक (एसबीआई) के माध्यम से बेचे जाने से सरकार के लिए यह जानने का रास्ता खुला रहता है कि उसके विरोधियों को कौन फंडिंग कर रहा है। इससे सरकार को या तो धन उगाही करने या सत्ताधारी पार्टी को धन न देने के लिए उन्हें प्रताड़ित करने की अनुमति मिलती है।
- **लोकतंत्र पर झटका:** वित्त अधिनियम 2017 में संशोधन के माध्यम से, केंद्र सरकार ने राजनीतिक दलों को चुनावी बांड के माध्यम से प्राप्त दान का खुलासा करने से छूट दे दी है। इसका मतलब यह है कि मतदाताओं को यह पता नहीं चलेगा कि किसने किस पार्टी को और कितनी फंडिंग की है।
- **अमीर कॉरपोरेट्स के प्रति पक्षपात:** इस योजना के तहत कॉरपोरेट और यहां तक कि विदेशी संस्थाओं द्वारा किए गए दान पर 100% कर छूट का लाभ मिलता है, जिससे अमीर निगमों को लाभ होता है।
- **क्रोनी पूंजीवाद का समर्थन करता है:** चुनावी बांड योजना राजनीतिक दान पर सभी पूर्व-मौजूदा सीमाओं को हटा देती है और संसाधन वाले निगमों को क्रोनी पूंजीवाद के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले चुनावों को वित्तपोषित करने की अनुमति देती है।

## 6. अर्थव्यवस्था का डॉलरीकरण

- हाल ही में गंभीर मुद्रास्फीति और व्यापक गरीबी से त्रस्त अर्जेंटीना को एक निर्णायक क्षण का सामना करना पड़ रहा है।
- अर्जेंटीना के हाल ही में निर्वाचित राष्ट्रपति ने अर्जेंटीना पेसो को डॉलर से बदलने का वादा किया है।
- हालाँकि, अर्जेंटीना में डॉलर भंडार की कमी के कारण डॉलरीकरण का तत्काल कार्यान्वयन संभव नहीं लगता है।

**डॉलरीकरण**

- **अर्थ:** जब अमेरिकी डॉलर का उपयोग किसी अन्य देश की घरेलू मुद्रा के अतिरिक्त या उसके स्थान पर किया जाता है। यह मुद्रा प्रतिस्थापन का एक उदाहरण है।
- **तंत्र:** डॉलरीकरण आमतौर पर तब होता है जब किसी देश की अपनी मुद्रा अत्यधिक मुद्रास्फीति या अस्थिरता के कारण विनिमय के माध्यम के रूप में अपनी उपयोगिता खो देती है।

### डॉलरीकरण के लाभ

- **मुद्रास्फीति को स्थिर करना:** अनियंत्रित धन आपूर्ति के कारण बढ़ती कीमतों के चक्र को तोड़कर, स्थिर मुद्रा शुरू करके डॉलरीकरण संभावित रूप से हाइपरइन्फ्लेशन पर अंकुश लगा सकता है।
- **उन्नत व्यापार अवसर:** स्थिर मुद्रा के साथ, विदेशी निवेशक विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संलग्न होने के लिए अधिक इच्छुक होते हैं। निर्यात के प्रति यह रुझान आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा दे सकता है।

- **दीर्घकालिक योजनाः** एक स्थिर डॉलर मूल्य स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों व्यवसायों को घरेलू मुद्रा की अस्थिरता से बाधित हुए बिना अधिक सटीक पूर्वानुमान और निवेश करने की अनुमति देता है।
- **कम जोखिमः** डॉलर आधारित स्थिरता विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर सकती है, क्योंकि वे जोखिम कम होने का अनुभव करते हैं, जिससे अंततः पूंजी प्रवाह और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।
- **वित्तीय अनुशासनः** मौद्रिक नीति पर नियंत्रण छोड़कर, डॉलरीकरण सरकारों को आर्थिक स्थिरता के लिए राजकोषीय नीतियों पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित करता है।

### डॉलरीकरण के मुद्दे

- **नीतिगत बाधाएँः** धन आपूर्ति और ब्याज दरों पर नियंत्रण खोने से सरकार को आर्थिक मंदी से निपटने में बाधा आ सकती है।
- **आर्थिक आघात भेद्यताः** डॉलर आधारित अर्थव्यवस्थाओं में वैश्विक आर्थिक वातावरण में अचानक होने वाले परिवर्तनों को संतुलित करने के लिए विनिमय दरों को समायोजित करने के लचीलेपन का अभाव होता है।
- **सीमित निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकताः** विनिमय दर पर नियंत्रण की हानि किसी देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए मुद्रा अवमूल्यन को एक उपकरण के रूप में उपयोग करने की क्षमता को प्रतिबंधित कर सकती है।
- **आंतरिक असंतुलन को दूर करने में असमर्थताः** विदेशी मुद्रा पर निर्भरता आंतरिक सुधारों की आवश्यकता पर भारी पड़ सकती है, जो निरंतर आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### डी-डॉलरीकरण

- किसी देश या क्षेत्र द्वारा अपनी वित्तीय प्रणाली या अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करने के लिये जानबूझकर या अनजाने में की गई एक प्रक्रिया को संदर्भित करता है।

❖❖❖❖❖

# मॉडल प्रश्न पत्र

1. हाल ही में किसे WHO के दक्षिण पूर्वी एशियाई कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया?
(a) डॉ. कैरिसा एटिएल (b) डॉ. हंस क्लुज
(c) साईमा वाजिद (d) एंटोनिया गुटेरस

2. भारत के नए मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में किसने शपथ ली?
(a) वाई. के सिन्हा (b) सुरेश चन्द्र
(c) हीरालाल सामरिया (d) सरोज पुनहानी

3. विश्व का प्रथम ह्यूमेनॉइड रोबोट CEO किसे नियुक्त किया?
(a) मिका (b) सूसा
(c) जैक (d) मैड़ी

4. हाल ही में यूनेस्को द्वारा किस शहर को 'संगीत शहर ' के रूप में चुना?
(a) कोझिकोड (b) ग्वालियर
(c) इंदौर (d) जयपुर

5. विश्व बौद्धिक सम्पदा संकेतक रिपोर्ट किसने जारी की?
(a) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
(b) विश्व व्यापार संगठन (WTO)
(c) यूनेस्को (UNESCO)
(d) विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)

6. हाल ही में शिक्षिका 'सिस्टर जोक' को 'वैश्विक शिक्षक पुरस्कार–2023' से सम्मानित किया गया, उनका संबंध किस देश से है?
(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) नेपाल (d) बांग्लादेश

7. हाल ही में किस भारतीय खिलाड़ी को ICC द्वारा 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया?
(a) विराट कोहली (b) लोकेश राहुल
(c) रोहित शर्मा (d) वीरेन्द्र सहवाग

8. 54वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कहाँ आयोजित हुआ–
(a) गोवा (b) मुम्बई
(c) इंदौर (d) बैंगलुरू

9. हाल ही में चर्चित अग्नि (AGNI) पहल का संबंध किस मंत्रालय से है?
(a) वित्त मंत्रालय
(b) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(c) आयुष मंत्रालय
(d) गृह मंत्रालय

10. विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) का मुख्यालय अवस्थित है–
(a) हेग (नीदरलैण्ड)
(b) जिनेवा (स्विट्जरलैण्ड)
(c) पेरिस (फ्रांस)
(d) मॉस्को (रूस)

11. 'INDUS-X' का संबंध किन देशों से है?
(a) इंडिया – अमेरिका
(b) इंडिया – ऑस्ट्रेलिया
(c) इंडिया – इजरायल
(d) इंडोनेशिया – ऑस्ट्रेलिया

12. आसियान–भारत बाजरा महोत्सव–2023 का आयोजन हुआ–
(a) जकार्ता (इंडोनेशिया)
(b)पेरिस (फ्रांस)
(c) नगोया (जापान)
(d) हनोई (वियतनाम)

13. हाल ही में कौन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टाईम आऊट होने वाले पहले खिलाड़ी बने?
(a) भरत शर्मा (भारत)
(b) एंजेलो मैथ्यूज (श्रीलंका)
(c) बाबर आजम (पाकिस्तान)
(d) राशिद खान (अफगानिस्तान)

14. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायमूर्ति का निधन हुआ, वे है–
(a) मीरा फातिमा बीबी
(b) ऐना चंडी
(c) बी.वी. नागरत्न
(d) रूमा पाल

15. हाल ही किन्हें विधानसभा चुनावों के लिए 'स्टेट इलेक्शन आईकन' बनाया गया–
(a) मीरा देवी (b) गवरी देवी
(c) आकृति सिंह (d) दिव्यकृति सिंह

16. आत्मनिर्भर भारत निर्माण रत्न अवॉर्ड–2023 से सम्मानित डॉ. पूनमचंद का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?
(a) जयपुर (b) सीकर
(c) झुन्झुनु (d) अलवर

17. राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो–2024 का आयोजन कहाँ हुआ?
(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) कोटा (d) जोधपुर

18. फोर्टिफाइड चावल हेतु हाड़ौती का प्रथम प्लांट कहाँ स्थापित किया गया?
(a) बूँदी (b) कोटा
(c) झालावाड़ (d) बाराँ

19. हाल ही में विधानसभा चुनाव–2023 में किस सीट पर चुनाव रद्द किये गये?
(a) राजाखेड़ा (धौलपुर)
(b) डीग (भरतपुर)
(c) रामगढ़ (अलवर)
(d) श्री करणपुर (श्री गंगानगर)

20. हाल ही में राजस्थान बॉक्सिंग संघ का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया?
(a) रामकेश चौधरी (b) धीरेन्द्र चौधरी
(c) वैभव गहलोत (d) सचिन मीणा

21. 'EH 216-S'क्या है?
(a) युद्धपोत (b) ड्रोन
(c) मिसाइल (d) फ्लाइंग टैक्सी

22. हाल ही में किस देश द्वारा भारतीयों को वीजा मुक्त प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई?
(a) इंडोनेशिया (b) वियतनाम
(c) बांग्लादेश (d) थाईलैण्ड

23. सफेद हाइड्रोजन के भण्डारों की खोज किस देश में की गई?
(a) इटली (b) फ्रांस
(c) जापान (d) रूस

24. हाल ही में किस देश में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)के क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यालय खोलने की मांग स्वीकार की?
(a) यूएई (b) ओमान
(c) ईरान (d) वेस्टइंडीज

25. भारत का प्रथम वर्टिकल विंड टनल कहाँ स्थापित किया गया?
(a) राजस्थान (b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र (d) हिमाचल प्रदेश

26. सफर(SAFAR)प्रणाली का संबंध किस मंत्रालय से है?
(a) रक्षा मंत्रालय
(b) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
(c) सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(d) गृह मंत्रालय

27. अंतराष्ट्रीय सौर संगठन (ISA)के 95वें सदस्य के रूप में कौनसा देश शामिल हुआ?
(a) बोलेविया (b) पेरू
(c) तिमोरलेस्ते (d) चिली

28. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा असम के दो रेलवे स्टेशनों को 'इट राइट स्टेशन' प्रमाणन से सम्मानित किया, वे हैं–
(a) रंगिया (b) मारियानी
(c) केवल(a) (d) (a) और (b) दोनों

29. घोल फिश (गोल्ड फिश) को किस भारतीय राज्य ने 'राज्य मछली' का दर्जा दिया?
(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) तमिलनाडु

30. विश्व के सबसे बड़े एकल साईट सौर विद्युत संयंत्र का उद्घाटन किस देश में हुआ?
(a) अमेरिका (b) यूएई
(c) इजरायल (d) फ्रांस

31. किस भारतीय राज्य में विश्व के प्रथम 3D मुद्रित मंदिर का अनावरण हुआ?
(a) आंध्रप्रदेश (b) तमिलनाडू
(c) कर्नाटक (d) तेलगांना

32. भारत में शत–प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वाली प्रथम रक्षा कंपनी बनी?
(a) एंड्रो (b) साब
(c) कार्ल (d) बेंडो

33. हाल ही में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा किस फ्रांसिसी कंपनी से एयरक्राफ्ट इंजन निर्माण के लिए समझौता किया?
(a) जफ्रॉन (b) रॉफेल
(c) मोसाद (d) सेफ्रॉन

34. HAWK प्रणाली का संबंध है–
(a) रक्षा अनुसंधान (b) जल शुद्धिकरण
(c) सड़क सुरक्षा (d) वन्यजीव अपराध

35. हाल ही में किस टेलीकॉम कंपनी ने रा�ट्रव्यापी प्रथम सैटेलाइट आधारित गीगाबिट ब्रॉडबैंड सेवा का अनावरण किया?
(a) एयरटेल (b) रिलायंस जियो
(c) वोडाफोन–आईडिया (d) उपरोक्त सभी

36. प्रोजेक्ट कुशा किससे संबंधित है?
(a) वायु रक्षा प्रणाली
(b) वायु निगरानी प्रणाली
(c) पनडुब्बी निर्माण
(d) युद्धक विमान निर्माण

37. तमिलनाडू सरकार ने समुद्री पारिस्थितिकी और समुद्री पर्यावरण को मजबूत करने हेतु कौनसा प्रोजेक्ट लांच किया–
(a) प्रोजेक्ट बर्ड (b) प्रोजेक्ट डॉल्फिन
(c) प्रोजेक्ट सागर (d) प्रोजेक्ट जल

**38.** 'A23a' क्या है?
(a) सैटेलाइट
(b) रक्षा विमान
(c) विशाल हिमखण्ड
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**39.** ICC क्रिकेट विश्वकप–2023 के वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर किसे बनाया गया?
(a) सचिन तेंदुलकर (b) कपिल देव
(c) रॉस टेलर (d) रिकी पोंटिंग

**40.** 7वीं महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी–2023 में भारत ने किस देश को हराकर ट्रॉफी जीती?
(a) सिंगापुर (b) जापान
(c) इंडोनेशिया (d) वियतनाम

**41.** 26वें विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप–2023 के विजेता रहें–
(a) एफरेन मनालंग रेयेस
(b) पंकज आडवानी
(c) अलेक्जेण्डर कजाकिस
(d) सौरव कोठारी

**42.** 37वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर है–
(a) जूही (b) क्रिक्टावर्स
(c) टोंक (d) मोगा

**43.** कार्तिक महोत्सव का आयोजन कहाँ किया गया?
(a) अजमेर
(b) माउण्ट आबू
(c) गलता जी (जयपुर)
(d) नाथद्वारा (राजसमंद)

**44.** स्वयं सिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शिनी का आयोजन कहाँ हुआ?
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) कोटा (d) झालावाड़

**45.** पी.एम.श्री योजना के तहत् राज्य किस के जिले के 14 सरकारी स्कूलों का चयन हुआ?
(a) झुन्झुनु (b) जयपुर
(c) टोंक (d) सीकर

**46.** हाल ही में ST-2 नामक बाघिन देश की सबसे उम्र दराज बाघिन बनी है, वह किस टाईगर रिजर्व से संबंधित है?
(a) रणथम्भौर (b) सरिस्का
(c) रामगढ़ विषधारी (d) मुकुन्दरा हिल्स

**47.** रमा एकादशी का आयोजन होता है–
(a) चैत्र कृष्ण एकादशी
(b) भाद्रपद शुक्ल एकादशी
(c) कार्तिक कृष्ण एकादशी
(d) श्रावण शुक्ल एकादशी

**48.** हाल ही में किसे 'अणुव्रत लेखक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?
(a) डॉ. मधुकर गुप्ता
(b) इकराम राजस्थानी
(c) डॉ. सुरेश कुमार
(d) रमेश उस्ताँ

**49.** ADR रिपोर्ट–2023 के अनुसार राजस्थान का सर्वाधिक आपराधिक मामलों वाला विधानसभा क्षेत्र कौनसा है?
(a) सवाईमाधोपुर (b) धौलपुर
(c) भरतपुर (d) तिजारा

**50.** राज्यस्तरीय चंद्रभागा पशुमेले का आयोजन पर्यटन विभाग के तत्वाधान में कहाँ किया गया?
(a) नांता (कोटा)
(b) अंता (बारां)
(c) केशोरायपाटन (बूंदी)
(d) झालरापाटन (झालावाड़)

Answer Key

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 2 | C | 3 | A | 4 | B | 5 | D | 6 | B | 7 | D | 8 | A | 9 | C | 10 | C |
| 11 | A | 12 | A | 13 | B | 14 | A | 15 | D | 16 | B | 17 | D | 18 | A | 19 | D | 20 | B |
| 21 | D | 22 | D | 23 | B | 24 | A | 25 | D | 26 | B | 27 | D | 28 | D | 29 | A | 30 | B |
| 31 | D | 32 | B | 33 | D | 34 | D | 35 | B | 36 | A | 37 | B | 38 | C | 39 | A | 40 | B |
| 41 | B | 42 | D | 43 | C | 44 | A | 45 | D | 46 | B | 47 | C | 48 | B | 49 | A | 50 | D |

RAS-2021 RESULT

1st RANK



VIKRANT SHARMA

Samyak
An Institute For Civil Services

सम्यक् मार्गदर्शन=सर्वश्रेष्ठ परिणाम

सम्यक् ने पुन: रचा इतिहास, सम्यक् सितारों ने फहराया परचम

राजस्थान में पहली बार TOP 10 में 9 TOPPERS

650+ SELECTION



RANK 2 PRIYA BAJAJ | RANK 4 VISHWAJEET | RANK 5 BHARTI GUPTA | RANK 6 AKANKSHA DUBEY | RANK 7 KANCHAN CHOUDHARY | RANK 8 SHUBHAM SHARMA | RANK 9 NIDHI UDSARIA | RANK 10 SATYA NARAYAN

# सिविल सेवा की तैयारी को समर्पित संस्थान

# RAS | IAS | PSI

Online | Offline | Live From Classroom | Separate Batches For Hindi & English Medium

After Class 12th

## IAS & RAS

3 YEARS INTEGRATED COURSE ALONG WITH GRADUATION

FEATURES

- Classes By Subject Experts
- Study Materials: Printed Booklets
- Regular Test Papers Pre & Mains
- Library Facility
- Online Course Free with Offline Course

राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ

आवासीय कोचिंग

Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services

KNOW MORE ABOUT GURUKUL SCAN QR CODE

GIT Campus, Sitapura Industrial Area, Jaipur

Contact : 7733800800

ONLINE COURSES AVAILABLE ON SAMYAK APP

- Live & Recorded Classes
- Personal Mentorship
- Test Series & Solution
- Toppers' Strategic Sessions

Download & Join

GET IT ON Google Play

Samyak
An Institute For Civil Services

NEAR RIDDHI-SIDDHI, GOPALPURA, JAIPUR

9875170111